अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तिर्वा।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइकसवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाल क्षेत्र के ग्राम भुगैतापुर निवासी राजेंद्र सेंगर का 22 वर्षीय पुत्र शिवा सेंगर अपनी बाइक से सोमवार शाम करीब चार बजे तिर्वा से वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह ईशन नदी पुल के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों को सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए कानपुर भेजा गया है।

### तालाब में उतराता मिला लापता वृद्ध का शव

**तिर्वा।** पांच दिन से लापता वृद्ध का शव तालाब में उतराता मिला। वह अपने बहनोई के यहां विगत 25 साल से रह रहा था। भांजे ने मौके पर पहुंचकर उसकी पहचान की। सोमवार को सुबह जब कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बछ्ज्जापुर के ग्रामीण शौच के लिए खेत की ओर जा रहे थे तभी गांव के पास बने स्वामी ब्रम्हानंद कोल्ड स्टोरेज के पीछे स्थित छोटे से तालाब में एक शव उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, हेड कांस्टेबल जेपी सिंह समेत पुलिस बल तालाब पर पहुंचा। यहां पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। शव मिलने की खबर पर पहुंचे भांजे ने मृतक की पहचान हरीपुरवा के रहने वाले रामरतन (70) उर्फ मामा के रूप में की। मृतक के भांजे ने बताया कि मामा करीब 25 सालसे उसके यहां रह रहे थे और कई साल से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। विगत पांच दिन से वह लापता थे। काफी खोजबीन की किंतु कोई पता नही चल रहा था। वह मूल रूप से बिसनापुर थाना इंदरगढ़ के रहने वाले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मानसिक रोगी पेड़ पर चढ़ा, हंगामा

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया मानसिक बीमार युवक देर शाम पेड़ पर चढ़ गया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने उतारने का प्रयास किया तो गालियां दीं। फिर पुलिस के जाने के बाद देर रात खुद उतर कर चला गया। शनिवार की देर शाम रोडवेज बस स्टैंड के पास एक युवक बेहोश पड़ा था। किसी ने एंबुलेंस को फोन कर बुलाया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को ठीक होने के बाद अस्पताल से बाहर निकल कर मेन गेट के निकट बैठ गया। देर शाम अस्पताल के बाहर खड़े एक पेड़ पर चढ़ कर हंगामा करने लगा। पुलिस ने जब युवक से पेड़ से नीचे उतरने को कहा तो वह गालीगलौज करने लगा। काफी देर के प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिलने पर पुलिस भी चली गई। देर रात जब मौके पर कोई नहीं रहा तो वह चुपचाप पेड़ से उतर कर चला गया।

### पोल टूटने से सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**सौरिख।** पांच दिन बीत जाने के बाद भी सैकड़ो घरों में बिजली न आने से अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीणों ने पोल के पास प्रदर्शन कर पोल जल्द से जल्द गड़वाये जाने की मांग की क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव मिर्जापुर में 5 दिन बीत जाने के बाद भी सैकड़ो घरों में अंधेरा छाया हुआ है। किसही जगदीशपुर फीडर से लाइन मिर्जापुर गांव पहुंचती है। पांच दिन पहले यहां लगा एक पोल व उसमें लगे तार टूट गए जिससे बिजली गुल हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों को फोन से सूचना दी लेकिन आज तक पोल को सही नहीं करवाया गया।

### छत से गिरी महिला घायल ,रेफर

**सौरिख।** छत पर काम करते समय पैर फिसलने से बुजुर्ग महिला नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना क्षेत्र के नगला भूटा गांव निवासी रामचंद्र पाल की 65 वर्षीय पत्नी सावित्री पाल रविवार की शाम समय लगभग 7 बजे अपने मकान की छत पर किसी काम से गई थी। इस दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह नीचे आ गिरी। इससे उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। आनन फानन परिजन सीएचसी सौरिख लेकर आए जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# अभी तक जिले को नहीं मिले एएमए

- बिना अपर मुख्य अधिकारी के कन्नौज की जिला पंचायत में हुए काम ठप
- दिसंबर 2025 में जेपी मौर्य के सेवानिवृत्त होने के बाद नए अफसर की तैनाती नहीं हुई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक महीने बाद भी जिला पंचायत में अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) की तैनाती नहीं हो सकी है। 31 दिसंबर 2025 को जेपी मौर्य के रिटायर होने से कुर्सी खाली पड़ी है। अब तक किसी नए अफसर को यहां की जिम्मेदारी नहीं दी गई है जिस वजह से कामकाज ठप से हो गए हैं।

दरअसल, 09 फरवरी 2024 को जिला पंचायत में अपर मुख्य अधिकारी जेपी मौर्य ने कार्यभार लिया था जो 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उसके बाद से किसी अन्य अधिकारी की एएमए के लिए यहां तैनाती नहीं हुई है। दूसरी ओर कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा भी प्रोन्नत होकर ललितपुर के अपर मुख्य अधिकारी बन गए हैं। खास बात यह है कि तीन सालों से जनपद में पांच अपर मुख्य अधिकारी तैनात रहे जिसमें ज्यादातर कुछ महीने में ही चलते कर दिए गए। कुछेक कार्रवाई की जद में आए तो तबादला भी किए गए। जिसमें जेपी मौर्य ही अधिक दिनों तक ठहर सके। सुरेंद्र वर्मा 02 जुलाई 2022 से 29 मार्च 2023 तक रहे। उसके बाद कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा के पास 30 मार्च 2023 से 18 अगस्त 2023 तक अतिरिक्त प्रभार रहा।



जिला पंचायत का मुख्य द्वार। अमृत विचार

# आरटीई की वेबवाइट में दिखने लगी पीएम व सीएम की फोटो

- बदला कलेवर, लेकिन पहले पंजीकरण न होने की समस्या हुई
- निजी विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा एक तक में फ्री प्रवेश का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की वेबसाइट का कलेवर बदल गया है। वेबसाइट में पहले बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश लिखकर आता था लेकिन अब प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की फोटो दिखने लगी है। इसके साथ ही सर्व शिक्षा अभियान का लोगो और स्कूली बच्चे भी दिख रहे हैं। हालांकि पहले दिन ऑनलाइन आवेदन न होने की समस्या बनी रही।

सोमवार को दोपहर 12 बजे के करीब लांच हुई नए कलेवर की वेबसाइट में बाईं ओर उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो भी है। आरटीई की वेबसाइट https://rte25.upsdc.gov.in नई तरीके से प्रदर्शित होने लगी है। पहले दिन जरूरतमंदों ने जब ऑनलाइन आवेदन करने का प्रयास किया तो सफलता नहीं मिली और पंजीकरण करने में ही विफल हो गए। बताया गया है कि पंजीकरण में आय प्रमाण पत्र को स्कैन करके या उसकी फोटो खींचकर लगानी है और इसकी साइज 30 केबी से अधिक और 100 केबी से कम मांगी गई है। आवेदन करने के इच्छुक लोगों ने बताया कि जब उन्होंने निर्धारित मांगी गई साइज में प्रमाण पत्र की फोटो अपलोड की तो उसे स्वीकार नहीं किया गया। निर्धारित साइज का नोटिस आने लगा। इस वजह से बार-बार प्रयास के बाद भी पंजीकरण नहीं हो सके। दूसरी ओर नए रंगरूप वाली वेबसाइट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो व उसके पास हर घर तिरंगा अभियान का लोगो बना है। पास में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र व आजादी का अमृत महोत्सव लिखा है। इस बाबत डीसी सामुदायिक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पहले दिन अन्य जिलों से भी समस्याएं आईं हैं। उच्चाधिकारियों से बात कर जानकारी दी जाएगी।


लांच हुई नए कलेवर की वेबसाइट।

### 25 मार्च तक तीन चरणों में होंगे आवेदन

- जनपद के निजी स्कूलों में कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा (प्री-प्राइमरी यानि नर्सरी) में 25 फीसदी सीटें दुर्बल वर्ग व अलाभित समूह के लिए आरक्षित हैं। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत तीन चरणों में प्रवेश मिलेंगे। 02 फरवरी से 25 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करने की सारिणी इस बार जारी हुई है।

## अब सात केंद्रों पर ही होगा मदरसा शिक्षा परिषद का इम्तिहान, चल रहीं तैयारियां

# मानक में नहीं मिली परीक्षार्थियों की संख्या, एक केंद्र हुआ खत्म

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**09** से 14 फरवरी तक दो पालियों में 2137 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**अमृत विचार।** मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के लिए एक केंद्र कम हो गया है। निर्धारित संख्या में परीक्षार्थी न होने की वजह से यह निर्णय लखनऊ से लिया गया है। अब 09 केंद्रों पर ही मदरसा की परीक्षाएं होंगी।

जिले में 09 से 14 फरवरी के बीच मुंशी, मौलवी व आलिम की परीक्षाएं होनी हैं। पहले आठ केंद्रों की सूची जारी हुई थी। अब एक केंद्र कम होने की जानकारी भी अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में आ गई है। बताया गया है कि केंद्र बनाने के लिए न्यूनतम 200 परीक्षार्थी तो होने चाहिए लेकिन तिर्वा स्थित एके रहमानियां इंटर कॉलेज में 87 परीक्षार्थी ही आवंटित किए गए थे। इससे इस केंद्र को खत्म कर दिया गया है। कार्यालय के मुताबिक कुल 2137 परीक्षार्थी दोनों पालियों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा देंगे। मुंशी, मौलवी (सेकंडरी) की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक व आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। हालांकि अब तक प्रश्न पत्र व कॉपियां नहीं आ सकीं हैं। दो से तीन दिन में परीक्षा सामग्री आने की बात कही जा रही।

### आठ आवेदन डुप्लीकेट मिले

- पहले 2145 परीक्षार्थियों की संख्या जारी हुई थी। पता चला कि इसमें 08 परीक्षार्थियों ने दो-दो आवेदन किए हैं। इसमें एक-एक आवेदन गलत हो गया था। संबंधित छात्र-छात्राओं से जानकारी करने के बाद गलत व डबल मिले आठों आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। उसके बाद परीक्षार्थियों की संख्या 2137 रह गई।

### सबसे पहले शुरू होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

- कन्नौज। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षाएं 09 फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो 14 तारीख तक चलेंगी। खास बात यह है कि यह इम्तिहान इस बार सीबीएसई व यूपी बोर्ड परीक्षा से पहले शुरू होकर समाप्त भी हो जाएंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जारी हुए परीक्षा कार्यक्रम में किसी दिन भी अवकाश नहीं है। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। अगले दिन 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के इम्तिहान शुरू हो रहे हैं। इन तीनों बोर्ड के परीक्षा कार्यक्रम के हिसाब से इस बार सबसे पहले मदरसा बोर्ड अव्वल रहेगा।

### इनको बनाया गया मदरसा परीक्षा केंद्र

- मदरसा अरबिया हाजी इलाही बक्श, हाजीगंज, कन्नौज
- मदरसा फैजाने रजा, कुसुमखोर, कन्नौज
- मदरसा अरबिया निस्वां फैज ए आम, तिर्वागंज
- डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज
- बृजभूषण हजेला इंटर कॉलेज, तालग्राम
- ग्लोबल एजुकेशन, फर्रुखाबाद रोड, छिबरामऊ
- मदरसा महमूदुल उलूम, कबीरपुर, सौरिख

# एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में फर्जी आपत्तियों का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में फर्जी आपत्तियों का आरोप लगाकर सपा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर वार्ता की।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) ड्राफ्ट लिस्ट में गंभीर अनियमितताओं और फर्जी आपत्तियों का आरोप लगाया। सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 31 जनवरी 2026 को विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) केंद्र पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध तरीके से फॉर्म-7 जमा किए गए। आरोप लगाया गया कि भाग संख्या 485, 486, 487, 488, 489, 490, 491, 492, 493 और 494 से जुड़े कई मतदाताओं के खिलाफ आपत्तियां दर्ज कराई गईं, जबकि संबंधित को न तो आपत्तिकर्ता की कोई जानकारी दी गई और न ही कोई रिसीविंग नंबर या हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण उपलब्ध कराया गया। मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अवैध तरीके से फॉर्म-7 जमा करने वालों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव, कल्यान सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, जुनैद सिद्दीकी, हारून खान प्रधान, आरिफ़ ज़मा, इरफ़ान, जीशान, क़ासिम सहित कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट में मामले को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे सपाई। अमृत विचार

### प्रिंट फॉर्म देकर दर्ज कराई गई आपत्तियां

- **कन्नौज।** सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि केवल प्रिंट किए हुए फॉर्म जमा कर दिए गए, जिससे मतदाता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा पैदा हो गया है। यह पूरी प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था से खिलवाड़ और मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने की साजिश का हिस्सा है। बताया गया कि यह मामला विधानसभा क्षेत्र 196 छिबरामऊ अंतर्गत ग्राम मझूपुर क्षेत्र से जुड़ा है, जहां सुनियोजित तरीके से मतदाता सूची में हेरा फेरी करने का प्रयास किया गया।

# संजय 11 लखनऊ ने कन्नौज क्रिकेटर्स को 40 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के बोर्डिंग मैदान में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में संजय 11 लखनऊ की टीम ने ने कन्नौज क्रिकेटर्स को 40 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को इस टीम का फाइनल मुकाबला बनारस 11 की टीम से होगा।

शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में खेले जा रहे स्व. ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को कन्नौज क्रिकेटर्स बनाम संजय 11 लखनऊ के मध्य सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। मैच का टॉस पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेई ने कराया। कन्नौज क्रिकेटर्स के कप्तान जुबेर हाशमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी संजय 11 लखनऊ की टीम ने 29.5 ओवर में 185 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाये। संजय 11 लखनऊ के बल्लेबाजों में कृष्णा साहू ने 73 रन, कासिम सैफी ने 27 रन, आदित्य सिंह ने 20 रन, आदित्य ने 27 रन, अभिषेक राय ने 17 रन का योगदान दिया। कन्नौज क्रिकेटर्स के गेंदबाजों अक्षत पांडे 5 व करन गोला ने 4 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कन्नौज क्रिकेटर्स की टीम 26 ओवर में 125 रन बनाकर आलआउट हो गयी। कन्नौज क्रिकेटर्स के बल्लेबाजों में रितिक शर्मा ने 30, देवेन्द्र तरौलिया ने 23, मुकुल यादव ने 18, राहुल यादव ने 19 व सजल सिंह ने 11 रन बनाये। संजय 11 लखनऊ के गेंदबाजों में शाहिद, आदित्य सिंह, आदित्य व ओमकार ने दो दो विकेट और शैलेन्द्र ने 1 विकेट लिया। छिबरामऊ पालिका चेयरमैन मनोज दुबे ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कृष्णा साहू को प्रदान किया। मैच के अंपायर रितेश शर्मा व सुनील शुक्ला रहे। स्कोरिंग आकाश मिश्रा ने की। इस मौके पर कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य के रूप में संजय सामवेदी, नीरज सामवेदी, आनंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।


मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ टीम के खिलाड़ी कृष्णा साहू को देने के बाद छिबरामऊ चेयरमैन मनोज दुबे व पूर्व सांसद सुब्रत पाठक और अन्य।

## दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत

**सौरिख।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक को परिवार के लोग अस्पताल लिए जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव फुलनपुर निवासी शिवम प्रजापति पुत्र नाथूराम प्रजापति (30) रविवार को अपने 12 वर्षीय पुत्र आयुष को साथ लेकर सौरिख बाजार जा रहा था। जैसे ही नादेमऊ-सौरिख मार्ग पर अंकल ढावा के सामने पहुचा तभी सामने आ रहे अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। घटना में शिवम गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा आयुष उछल कर दूर गिर गया जिससे उसे चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंचे परिजन शिवम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख लाये वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर किया गया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर के लिये रेफर किया गया। परिवार के लोग कानपुर लिये जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते मे दम तोड़ दिया।


नगर पंचायत की ओर से बनाए जा रहे फुटपाथ को देखते विधायक कैलाश राजपूत।

# फुटपाथ निर्माण से टहलने वालों को मिलेगी सहूलियत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** विधायक ने डी एन कालेज खेल मैदान के सामने बन रहे 220 मीटर फुटपाथ का निरीक्षण। कहा, इससे नगर की सुंदरता बढ़ने के साथ ही लोगों को सुबह के समय टहलने के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल जाएगा।

नगर पंचायत द्वारा कस्बा को सुंदर बनाने के लिए डी एन कालेज खेल मैदान के बाहर फुटपाथ का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक कैलाश राजपूत ने सोमवार की शाम निरीक्षण करते हुए कहा कि इस प्रकार का फुटपाथ पूरे जिले में कही नहीं बन रहा है। इसके बनने से नागरिकों को सुबह टहलने के लिए सुरक्षित स्थान मिल जाएगा। विधायक ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता से इस फुटपाथ को जल्दी से पूरा कराने को कहा है। गुप्ता ने बताया कि यहां पाम के पेड़, लाइटिंग व बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी।

## जब तक अफसर का नहीं लगेगा अंगूठा, साइट रहेगी बंद

**कन्नौज।** अब हर समय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की जानकारी आपको नहीं मिल सकेगी। कार्यालय के कर्मचारी दूर से आए किसानों या फरियादियों को सिस्टम पर बिना अधिकारी के अंगूठा लगाए कोई बात सटीक नहीं बता सकेंगे।सोमवार को कई किसान डीडी कृषि कार्यालय पहुंचे। वहां पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की वेबसाइट न चलने की जानकारी वाला बोर्ड लगा था। इससे कुछ कृषक लौट गए तो कई वेबसाइट चलने का इंतजार करने लगे। बताया जा रहा है कि नई व्यवस्था में विभागीय साइट तभी खुल सकेगी जब डीडी कृषि अपने कार्यालय में मौजूद होंगे और उनका अंगूठा लगेगा। दोपहर में अधिकारी के कार्यालय में न रहने से साइट बंद थी। दूसरी ओर बताया गया कि तहसीलों में भी तहसीलदार का अंगूठा लगेगा, तभी सम्मान निधि की साइट सक्रिय हो सकेगी। बताया गया है कि यह प्रणाली सूबे में लागू हो गई है।

**अनदेखी** | साधारण मीटर लगे गांव में चक्कर काट रहे स्मार्टमीटर लगाने वाले कर्मचारी

# जहां खपत अधिक वहां नहीं लग रहे स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** स्मार्टमीटर अब गांव गांव लगाने पर जोर है। जहां पहले से पुराने मीटर हैं वहीं पर कंपनी कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगा रहे जबकि कई गांव में मीटर लगाने नहीं जा रहे हैं। इससे वहां पर अधिक बिजली की खपत की जा रही है। इससे ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। कुछ गांव में कर्मचारी जबरन स्मार्टमीटर लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जोरों पर है। जिला मुख्यालयों व तहसील मुख्यालयों पर स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। अब टीम गांव की ओर रुख कर चुकी है। खास बात यह है कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम उन गांव में नहीं पहुंच रही जहां एक भी घर में मीटर नहीं लगा है। टीम उन गांव में जा रही है जहां पहले से ही साधारण मीटर लगे हैं। इससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने से मना कर रहे हैं। बताया जाता है कि जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां अब तक मीटर ही नहीं लगाये गये हैं। इन गांव में बिजली की खपत अधिक होने के साथ ही लोग बकाया बिल भी जमा नहीं कर रहे हैं। यही नहीं इन गांव में लगे ट्रांसफार्मर भी अधिक फुंक रहे हैं। शनिवार को भगतपुर्वा गांव के ग्राम प्रधान इसी समस्या को लेकर बिजली कार्यालय पहुंचे थे। उनका कहना था कि गांव का ट्रांसफार्मर दो वार फुक चुका है। अब फिर से फुंक गया है। इसे शिकायत के बाद भी बदला नहीं जा रहा है। इस पर जब बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ग्राम प्रदान से गांव में मीटर लगे होने के संबंध में जानकारी की तो उन्होंने बताया कि ठठिया क्षेत्र के अधिकतर गांव में मीटर ही नहीं लगे हैं। इसमें भगतपुर्वा गांव भी है। अधिक हीटर चलने से ट्रांसफार्मर फुक रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्टमीटर लगाने वाली टीम पहले उन गांव में मीटर लगाये जहां किसी तरह का मीटर अब तक लगाया ही नहीं गया है। इस संबंध में एक्सईएन विद्युत मगन सिंह का कहना है कि जिले के प्रत्येक घर में स्मार्टमीटर लगाये जा रहे हैं।


जिला मुख्यालय पर घर के बाहर लगा स्मार्टमीटर।

# भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर लेखपाल निलंबित

- पैसे लेकर पशुचर भूमि पर अवैध कब्जा कराने का आरोप
- प्रथमदृष्टया साक्ष्य मिलने पर एसडीएम ने की कार्रवाई

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निगोह के पीड़ित ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल और ग्राम प्रधान पर पशुचर भूमि पर अवैध कब्जा कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी से शिकायत की। प्राथमिक जांच में भ्रष्टाचार में लिप्त होने के साक्ष्य पाए जाने पर लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

पीड़ित प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार तथा राम गोपाल ने उप जिलाधिकारी से की शिकायत में बताया था कि ग्राम में मौजूद पशुचर भूमि और खाद के गड्ढों का उपयोग वे अपने पशुओं और खाद रखने के लिए करते हैं। यह भूमि ग्राम पंचायत, जूनियर स्कूल और अन्य सरकारी प्रयोजनों के लिए सुरक्षित है। बावजूद इसके ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय लेखपाल ने अपने साथी प्रमोद पुत्र तिलक सिंह को इस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की अनुमति दी। प्रमोद ने दोनों को 50-50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में दिए, जिसके चलते उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस पशुचर भूमि से सटी शिकायतकर्ताओं की निजी भूमि पर भी प्रमोद जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। विरोध करने पर वह उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ितों की शिकायत पर एसडीएम ने जांच शुरू की। जांच में प्रथम दृष्टया लेखपाल हरिशरण सिंह के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के प्रमाण मिलने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में साइकिल सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद में एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति सुबोध कोल्ड स्टोरेज में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया । नगला अनूप निवासी 50 वर्षीय शिवकुमार, जो श्रीकृष्ण के पुत्र हैं, सोमवार को ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर हनुमान मंदिर से कुछ दूरी पर एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायल शिवकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### मां, बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज।** बाजार गए युवक से गांव के लोगों ने रंजिश के चलते गालीगलौज की। मना करने पर उसे व उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। ग्राम सराय प्रयाग निवासी रेनू देवी पत्नी वीरेन्द्र कुमार उर्फ गुड्डू ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 28 जनवरी की शाम 07 बजे पुत्र सुमित बाजार गया था। जहां गांव के राजा और सर्वेश ने रंजिश के चलते उसे घेरकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट और जान से मारने की धमकी दी है।

### किसान को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**कन्नौज।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक ने किसान को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। अस्पताल में डाक्टर ने मौत की पुष्टि की। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी अशोक बाथम ( 52) रविवार देर रात गांव के सामने नेशनल हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। लोगों व पुलिस ने गंभीर हालत में सीएचसी में पहुंचाया जहां मौत की पुष्टि की गई। दुर्घटना में बाइक सवार भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि अशोक परचून का सामान लेने के लिए नेशनल हाईवे पार कर रहा था तभी हादसा हो गया। अशोक की मौत की खबर मिलते ही पत्नी मंजू, बेटे साहिल, सुमित और बेटी शीतल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जॉबकार्डों की ई-केवाईसी प्रगति पर डीएम असंतुष्ट

**कन्नौज।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मनरेगा, अन्नपूर्णा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना, सांसद/ विधायक निधि योजनाओं की समीक्षा बैठक की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सांसद निधि से प्राप्त 73 प्रस्तावित कार्यों (44 प्रगति पर) की रिपोर्ट देखी गई। विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों, व्यय की गई धनराशि तथा भौतिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश पीडी डीआरडीए रामऔतार को दिए। कहा, गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मनरेगा कार्यों की समीक्षा में उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव को निर्देश दिए कि वे स्वयं क्षेत्र में जाकर शेष कार्यों का सत्यापन करें। हर हाल में समय से पूरा कराएं। जिलाधिकारी ने 1,02,779 सक्रिय श्रमिकों के सापेक्ष केवल 66,656 जॉबकार्ड की ई-केवाईसी पूर्ण होने पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही ई-केवाईसी प्रक्रिया में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### दुर्घटना में घायल की मौत में टेंपो चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** मार्ग दुर्घटना में घायल की मौत में मृतक के पुत्र ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना छिबरामऊ की चौकी सिकंदरपुर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी आकाश कुमार पुत्र समरपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 जनवरी को उसके पिता समरपाल टेंपो से घर लौट रहे थे। तभी चालक टिंकू शर्मा ने तेजी से चलाते हुए टेंपो को ग्राम तेराजाकेट के पास पलट दिया था। इससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 17 जनवरी को उसके पिता की उपचार के दौरान कानपुर के अस्पताल में मौत हो गई थी।

# ठठिया मण्डी के आढ़तियों ने सचिव के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

## व्यापार करने के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाए जाने से भड़के आढ़ती, दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



ठठिया मण्डी गेट पर प्रदर्शन करते आढ़ती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ठठिया स्थित विशिष्ट आलू व अनाज मंडी के आढ़तियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ रविवार की शाम गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। मंडी प्रशासन पर मनमानी और अव्यवस्थाओं के आरोप लगाए।

ठठिया स्थित विशिष्ट आलू व अनाज मंडी में आढ़तियों ने व्यापार करना शुरू कर दिया है। कुछ दिन से आलू की आवक कम हो गई है। इससे नुकसान होने लगा है जिससे आढ़ती अपनी दुकानों की किस्त जमा नहीं कर पा रहे हैं। इससे मण्डी प्रशासन ने उनकी आढ़त के लाइसेंस से व्यापार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे दिक्कतें और बढ गई है। व्यापारियों का कहना है कि लाइसेंस पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया, तो सभी आढ़ती एकजुट होकर अनिश्चितकाल के लिए दुकानों में ताला लगाकर धरना शुरू कर देंगे। इसी को लेकर आढतियों ने मण्डी गेट पर दर्शन किया। बताया कि दुबे ट्रेडर्स, जयशंकर ट्रेडिंग कंपनी, वीरांगना ट्रेडर्स, जय मां ट्रेडिंग कंपनी, ब्रजेश यादव ट्रेडिंग, शिव बाबा ट्रेडिंग कंपनी, या बारिश आलू कंपनी, मास्टर ट्रेनिंग कंपनी, किसान ट्रेडिंग कंपनी, आरके ट्रेडिंग कंपनी, सम्राट ट्रेनिंग कंपनी, मां अन्नपूर्णा ट्रेडिंग कंपनी, मनोकामना ट्रेडिंग कंपनी सहित अन्य आढ़तियों ने लाखों रुपये देने के बाद दुकानों का आवंटन किया गया था। आरोप लगाया कि मंडी संचालित होने के बाद भी सैकड़ों आलू व्यापारी सीधे किसानों से खेत में खरीद कर रहे हैं,जबकि मंडी प्रशासन ने वादा किया था कि बाहर खरीद नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंडी परिसर में बैंक, पुलिस चौकी, पानी, सफाई व्यवस्था और कैंटीन जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी ध्वस्त हैं। उन्होंने मांग की है कि आढ़तियों को आवंटित दुकानों की समय सीमा को बढाया जाये। आढ़ती बृजकिशोर, प्रदीप सिंह समेत कई अन्य ने बताया कि विशिष्ट आलू मंडी वर्ष में केवल दो महीने ही संचालित होती है जबकि शेष समय बंद रहती है। इसके बाद भी मण्डी के बाहर अवैध रूप से संचालित आढ़तों को बंद नहीं कराया जा रहा है। यही हाल रहा और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे 5 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस संबंध में मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह ने बताया कि मंडी में संचालित दुकानों का प्रीमियम किराया आढ़तियों पर बाकी है। समय से जमा न करने के कारण लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में भूमिका व क्विज में खुशी रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



शपथ दिलाते विधायक कैलाश राजपूत, साथ में डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ व अन्य ।

**अमृत विचार।** जिला पर्यावरण समिति की ओर से विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर लाख बहोसी पक्षी विहार में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। पेंटिंग में भूमिका ने प्रथम, जानवी यादव ने द्वितीय तथा अंशी चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोनम देवी एवं काजल को सांत्वना पुरस्कार मिला।

सोमवार को वन विभाग एवं लुप्तप्राय प्रजाति परियोजना के तहत क्विज प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, अर्पित ने द्वितीय एवं रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य, विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं आर्द्रभूमियों के संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाना रहा। इसकी थीम "आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान : सांस्कृतिक विरासत का उत्सव" रही।

- लाख बहोसी पक्षी विहार में जागरूकता कार्यक्रम किया गया
- वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी सम्मानित

मुख्य अतिथि विधायक तिर्वा कैलाश सिंह राजपूत ने वन, पर्यावरण, नदियों एवं आर्द्रभूमियों के महत्व को रेखांकित कर बच्चों, शिक्षकों एवं जनसमुदाय से इनके संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण एवं वृक्ष संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी लल्लू सिंह, राकेश चित्तौरिया व रामचंद्र, जिला पर्यावरण समिति की जूनियर रिसर्च फेलो सरफा हसन, अजय त्रिपाठी उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# मां गंगा की आरती में शामिल हुईं महिला अधिकारी

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर स्थित महादेवी गंगा घाट पर सांध्यकालीन आरती हुई। इसमें श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आरती उतारी। इसमें महिला अधिकारी भी शामिल हुईं।

अधिवक्ता यादवेंद्र किशोर यादव की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक नवनीता राय व जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य वंदना मिश्रा ने आरती कर पुण्य कमाया। इस दौरान गंगा को स्वच्छ रखने की बात भी कही गई। कार्यक्रम में दरोगा कटियार, रुचि तिवारी, विकास कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद रहे।



महादेवी गंगा घाट पर आरती उतारते श्रद्धालु। अमृत विचार

# आशा कार्यकर्ताओं ने उठाई सीएमओ के तबादले की मांग

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आशा कार्यकर्ताओं का धरना सीएमओ कार्यालय पर जारी है। अपनी विभिन्न मांगों के साथ अब उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के तबादले की मांग भी जोड़ दी है। यह धरना 15 दिसंबर से चल रहा है।

सोमवार को बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय पर एकत्रित हुईं और जमकर नारेबाजी की। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सीएमओ ने उनके लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया था, जिसके बाद उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा था। इस घटना के बाद आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ का घेराव भी किया था, हालांकि सीएमओ बाद में अवकाश पर चले गए। इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय में आशा कार्यकर्ताओं का धरना जारी है।



सीएमओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठीं आशा कार्यकत्रियां।

आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाना और एकमुश्त धनराशि प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उनकी अन्य लंबित मांगें भी हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को दोहराया।

# कसावा बाजार से करते वसूली खाते में रुपये नहीं होते जमा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीपीआरओ ने वसूली राशि जमा न करने पर भेजा नोटिस
- पशुचर भूमि पर मंगल, गुरुवार, शनि,रविवार को बाजार लगता

**अमृत विचार।** छिबरामऊ इलाके की ग्राम पंचायत कसावा के बाजार की दुकानों से वसूली होती है। उसकी धनराशि निर्धारित खातों में जमा न करने पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी को नोटिस भेजा है। कहा है कि संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई होगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने ग्राम पंचायत अधिकारी गौरी शंकर त्रिपाठी को भेजे नोटिस में कहा है कि कसावा में पशुचर भूमि पर मंगलवार, गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को बाजार लगता है। इसमें सब्जी समेत अन्य दुकाने लगाई जातीं हैं। बाजार प्रधान व सचिव ठेके पर उठाते हैं। जो भी धन दुकानों से मिलता है उसे पंचायत के खाते में जमा करना होता है। डीपीआरओ का कहना है कि बैंक खाते में धन जमा करने का कोई प्रमाण प्रधान तथा सचिव ने नहीं दिया है। न ही ग्राम निधि में रुपया जमा किया गया है। फरवरी में पशु मेला भी लगता है। किराया वसूली व हर मवेशी की बिक्री पर रसीद काटी जाती है। उसका शुल्क भी लिया जाता है। इसका भी विवरण कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया गया। बताया गया है कि मुख्य बाजार में ग्राम पंचायत निधि से 09 दुकानों का निर्माण कराया गया था। इसमें दुकानदार हैं, लेकिन दुकानों का कोई किराया नहीं दिया जा रहा है।

# 5100 दीपों से झिलमिला उठा गंगा तट

संवाददाता फर्रुखाबाद



देर शाम गंगाजल में चमकते दीप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार देर शाम तैरते दीपों से गंगा जल झिलमिला उठा। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए कल्पवासियों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद थी। दरअसल, पांचाल घाट पर जूना अखाड़ा के महंत सत्य गिरी महाराज के नेतृत्व में गंगा में दीपदान का आयोजन किया गया था। इस दौरान 5100 दीप गंगा में प्रवाहित किए गए, जिससे गंगा का तट रोशनी से जगमगा उठा।

माघी पूर्णिमा के दिन गंगा तट पर दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जूना अखाड़े में रविवार को भागवत कथा का समापन हुआ। इसके बाद देर शाम महंत सत्य गिरी महाराज के नेतृत्व में दीपदान की तैयारी की गई। रात करीब 8 बजे जूना अखाड़े के महंत और श्रद्धालु तीन नावों से गंगा की मुख्य धारा में पहुंचे।

वहां विधि-विधान से गंगा का पूजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 5100 दीपों को जलाकर एक-एक कर गंगा में प्रवाहित किया। दीप छोड़ने का यह सिलसिला लगभग 45 मिनट तक चला। गंगा में तैरते दीपों की रोशनी से पूरा जल झिलमिला उठा। इस दौरान श्रद्धालु 'गंगा मैया' के जयघोष करते रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पंडाल में नाटक योगी गाथा का मंचन

**फर्रुखाबाद।** मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित नाटक 'योगी गाथा' का मंचन नक्श थिएटर के कलाकारों द्वारा किया गया। युवा लेखक विशाल श्रीवास्तव लिखित एवं नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना के निर्देशन में आयोजित 'योगी गाथा' नाटक में योगी आदित्यनाथ के बाल्यकाल ,मठ के महंत से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक की कहानी का मंचन किया गया । जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार ने सभी कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया।

# ग्राहक और होटल मालिक में मारपीट

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में सब्जी की तरी दोबारा मांगने पर ग्राहक और होटल मालिक व कर्मचारियों के बीच मारपीट हो गई। यह घटना रविवार देर रात बाईपास रोड स्थित दाऊद के होटल पर हुई। ग्राहक ऋषभ गंगवार ने इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सरौली निवासी ऋषभ गंगवार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ दाऊद के होटल पर खाना खाने गया था। जब उसने दोबारा सब्जी की तरी मांगी, तो होटल मालिक और उसके कर्मचारी मारपीट पर उतारू हो गए और तीनों दोस्तों के साथ मारपीट करने लगे। होटल मालिक दाऊद, आमिर, शोएब, इमरान, दानिश, नाजिम, समीर और अजहर पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। ऋषभ गंगवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 'अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने वाला रोड़मैप है आम बजट'

संवाददाता फर्रुखाबाद

- मुकेश गुप्ता ने कहा- केंद्रीय बजट से हर क्षेत्र का विकास होगा



डॉ.एमएस सिद्दीकी।



मुकेश गुप्ता।

**अमृत विचार।** अर्थशास्त्री डॉ एमएस सिद्दीकी ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह 53.47 करोड़ का ऐसा बजट है जिसने प्रदान तो बहुत कुछ किया है वसूला बहुत कम है। आयकर में कोई बदलाव नहीं है स्लैब में भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। बजट का पूरा फोकस ढांचागत सुधार,कृषि,स्वास्थ्य,छोटी व सीमांत इकाइयों इत्यादि पर केंद्रित है। बजट लोगो की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ साथ उद्योग व व्यापार से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में सक्षम है।

वर्तमान स्थिति में प्रतिरक्षा में 15 फीसदी की वृद्धि स्वागत योग्य है,तथापि शिक्षा क्षेत्र में आवंटन में वृद्धि जरूरी थी। अर्थशात्री डॉ एमएस सिद्दीकी ने कहा कि आयकर की दरों व स्लैब को यथावत रखकर व जीएसटी की दरों में पहले ही कमी द्वारा खपत में वृद्धि होगी। कुछ लोग बजट प्रस्तावों को सोना चांदी की कीमतों में वृद्धि के संदर्भ देख रहे हैं,सोना चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि का बजट से कुछ लेना देना नहीं है। तथापि सोना फिर सोना है निवेश हेतु सुरक्षित है। संतोषजनक बात यह है कि हमारा आर्थिक ढांचा कमजोर नहीं है।

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत अधिकारी,भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता एवं सेंट्रल बैंक के अधिकारी मयंक गुप्ता ने बताया कि इस बजट में आईटी क्षेत्र को और विकसित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए पहले हम दूसरे देशों से आयात पर निर्भर करते थे इसीलिए क्रमशः हर बजट में इस क्षेत्र में प्राथमिकता बढ़ाते हुए इस बार भी इंडियासेमीकंडक्टर मिशन 2.0 योजना शुरू की गई है इसके तहत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा फंड 40000 करोड आवंटित करना एक अच्छा कदम है। कह सकते हैं कि बजट अर्थव्यवस्थ्या को आगे ले जाने वाला है।

**ज्ञापन** | तटबंध बनाओ संघर्ष समिति का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# धर्मपुर भीमपुर कटरी में गंगा कटान से बचाव की मांग

संवाददाता फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे भईयन मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट पर सोमवार को तटबंध बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा, जिसमें कटरी धर्मपुर और कटरी भीमपुर में गंगा के लगातार हो रहे कटान को रोकने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि फर्रुखाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बालपुर ब्लॉक के गांव कटरी धर्मपुर और कटरी भीमपुर तथा उनके मजरे लगातार गंगा के कटान के कारण प्रभावित हो रहे हैं। यदि इन गांवों को जल्द सुरक्षित नहीं किया गया, तो वे पूरी तरह गंगा की धारा में समा जाएंगे। समिति ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि जनपद में प्रतिवर्ष मां गंगा की भीषण बाढ़ से पूरा क्षेत्र प्रभावित होता है।

संघर्ष समिति ने जिले की सीमा पर गंगा के दोनों किनारों पर तटबंध बनाने की मांग की है। उन्होंने सिंचाई विभाग से तत्काल ऐसी व्यवस्था करने का निवेदन किया है, जिससे गंगा द्वारा हो रहे कटान को रोका जा सके और इन गांवों को बचाया जा सके।समिति ने उल्लेख किया कि यदि इन गांवों को बचाने के लिए शीघ्र प्रयास नहीं किए गए, तो हजारों लोगों के सामने जीवन और रहने की व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। ज्ञापन में यह भी बताया कि तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति द्वारा 11 फरवरी से राजेपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव कढ़हर से लेकर अटेना घाट तक तटबंध बनाने के समर्थन में विशाल पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी हमारी शासन से मांग है कि जल्द से जल्द तटबंध बनवाने की घोषणा की जाए।

# ई-रिक्शा की टक्कर से सब्जी विक्रेता घायल

**कायमगंज।** कायमगंज-कंपिल मार्ग पर रविवार देर रात्रि एक ई-रिक्शा ने सब्जी विक्रेता की ठेली को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रेम नगर निवासी वृद्ध सब्जी विक्रेता राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

राजपाल अपनी सब्जी की ठेली लेकर शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान के पास से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उनकी ठेली में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ठेली पलट गई और सारी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। दुर्घटना में राजपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजपाल को तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया।

# युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सहित 23 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालकर मुख्य बाजार में अफरातफरी फैलाने के मामले में पुलिस ने युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सहित 23 नामजद व 5-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आरोप है कि जुलूस के दौरान लाठी-डंडों में कपड़ा लपेटकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग जलाई गई, जिससे मानव जीवन व संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। पुलिस के अनुसार टाउन हॉल से तिकोना चौकी की ओर फर्रुखाबाद के मुख्य बाजार में यह जुलूस बिना किसी पूर्व अनुमति के निकाला गया। नारेबाजी और शोर-शराबे के बीच आग के साथ लापरवाहीपूर्ण कृत्य किए गए, जिससे बाजार में दहशत फैल गई। आग लगने के डर से दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मामले में अंकुर श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह चौहान, अंजुम उर्फ अंजु, रोहन कश्यप, गोविंद बाथम मुनब्बर, अनमोल , जय कश्यप सचिन, अजीम, करीम, माजिद अली , कमल , आदित्य श्रीवास्तव उर्फ हनी, जतिन उर्फ जीतू श्रीवास्तव सहित कुल 23 नामजद व 5-7 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। थाना मऊदरवाजा में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

न्यूज ब्रीफ

## अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक 5 को

**भरथना।** कस्बा में बढ़ती यातायात समस्याओं और सड़क व किनारे हो रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन अब गंभीर हो गया है। इसी क्रम में 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे तहसील सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। उपजिलाधिकारी काव्या सी ने बताया कि शासन व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर होने वाली इस बैठक में नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने, जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में कस्बा के व्यापारियों/दुकानदारों समेत संभ्रान्तजनों से शामिल होने की अपील की गई है। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इससे समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार की जा सके।

## बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**बकेवर।** सोमवार को करीब 3 बजे लखना नगर के बाईपास तिराहे पर जालौन जिले के माधौगढ़ से मोटरसाइकिल पर सवार होकर बकेवर आते समय एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मारकर युवक को घायल किया। जिसे राहगीरों ने लखना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया जहां उपचार चल रहा है। जालौन जनपद के थाना माधौगढ़ के ग्राम सिहारी निवासी रानू सिंह पुत्र आशाराम जो कि अपनी मोटरसाइकिल से चलकर लखना होकर बकेवर जा रहे थे, जैसे ही लखना बाईपास तिराहे के पास पहुंचे तो एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार शिक्षक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखना पर ले गये जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं टक्कर मारने वाला शिक्षक मोटरसाइकिल से बकेवर अपने घर की ओर भाग गया। वहीं घायल को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## वार्षिक गृह परीक्षाएं पांच फरवरी से

**महेवा।** कस्बा के लोकमान्य रूरल इंटर कालेज में वार्षिक गृह परीक्षाएं आगामी 5 फरवरी से 12 फरवरी 2026 तक आयोजित होंगी जो कि यू पी बोर्ड की परीक्षाओं के प्रारंभ होने के पूर्व समाप्त होंगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एसएस त्रिपाठी ने बताया कि पांच फरवरी को कक्षा 6, 7, 8,9 एवं 11 की हिंदी प्रश्नपत्र की परीक्षा होगी। वहीं 12 फरवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से कालेज आकर परीक्षा कार्यक्रम नोट करने का निर्देश दिया है। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में मौजूद नहीं रहता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिय सभी छात्र समय से विद्यालय पहुंचे।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं

**इटावा।** यूपी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू हो रही है और यह परीक्षाएं सेक्टर मजिस्ट्रेट की देखरेख में होंगी। इनके लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी है। कुल मिलाकर 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए है। जो अपने-अपने सेक्टर में आने वाले विद्यालयों में जाकर प्रैक्टिकल परीक्षाओं का निरीक्षण करेंगे। प्रैक्टिकल परीक्षा का कार्यक्रम पहले ही यूपी बोर्ड ने घोषित कर दिया है। उसके अनुसार मंगलवार से प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसके लिए विद्यालय में पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए लैब भी तैयार कर लिए गए हैं। इसके साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से यूपी बोर्ड की लिखित परीक्षा की तैयारी भी की जा रही है। परीक्षा केंद्र बनाए गए सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं और सीसीटीवी भी चालू स्थिति में है। ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**इटावा।** ऊसराहार थाना पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में घुम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज भाटी पुलिस टीम की साथ गश्त कर रहे थे तभी एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम अविलाल उर्फ अभिलाल पुत्र मेहताब सिंह हाल निवासी ग्राम वैदपुरा थाना ऊसराहार मूल निवास ग्राम गिरधारीपुरा थाना भरथना बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# बच्चों के वाहन चलाने पर रोक लगायें

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने मातहतों को दिए दिशा-निर्देश

कार्यालयय संवाददाता इटावा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाए जाने, शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जगह-जगह ज़ेबरा क्रॉसिंग बनाई जाए। जहां भी सर्विस लाइन है वहां से अतिक्रमण हटाया जाए एवं सरकारी सड़कों पर जो भी सामग्री पड़ी है उसको जप्त किया जाए।

उन्होंने कहा सैफई से कानपुर जाने वाले रास्ते पर जो नाला है उसको हटाया जाए एवं बसरेहर से चौपला जाने वाले रास्ते पर अत्यधिक दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। इसको जल्द से जल्द ठीक किया जाए तथा मंडी के सामने रोड पर अतिक्रमण है उसको हटाया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को टू व्हीलर वाहन स्कूल में नहीं लाना चाहिए इस पर रोक लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि स्कूली ड्राइवर की मेडिकल जांच अवश्य की जाए एवं ड्राइवर तथा वाहनों का फिटनेस चेक किया जाए। उन्होंने एआर एम रोडवेज को निर्देश दिए की रोडवेज बसें जो भी आए एक ही तरफ से आए एवं उनके जाने एवं आने का साइड अलग किया जाए।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य करने पर सीमा श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र दिया एवं राहवीर योजना के तहत अवनीश दुबे को सम्मानित किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, एएसपी अभय नाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर, क्षेत्राधिकारी रामगोपाल शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्रा, एआरटीओ प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, एक्सीयन पीडब्ल्यूडी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अविरल निर्मल यमुना यात्रा का उद्देश्य समाज को नदी से जोड़ना : डॉ. संजय

कार्यालय संवाददताता इटावा



पत्रकारों से वार्ता करते जल सहेली सस्थान के संस्थापक डॉ. संजय सिंह।

**अमृत विचार।** यमुना नदी को अविरल और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से बुंदेलखंड की जल सहेलियों द्वारा संचालित अविरल निर्मल यमुना यात्रा इटावा से होकर गुजर रही है। यह यात्रा जालौन जनपद स्थित पचनदा धाम से प्रारंभ हुई, जहां यमुना, चंबल, सिंध, पहुज और कुंवारी नदियों का संगम होता है। यात्रा पांचवें दिन उदी मोड़ से आगे बढ़ते हुए एक दर्जन गांव में जाएगी और रात्रि विश्राम जैतपुर स्थित कुंडेश्वर में किया जाएगा।

जल सहेली संस्थान के संस्थापक डॉ. संजय सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि लगभग 500 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से होते हुए दिल्ली के वासुदेव घाट पर संपन्न होगी। यात्रा का उद्देश्य समाज को नदियों से जोड़ना, यमुना की वर्तमान स्थिति से समुदाय को

- **अविरल निर्मल यमुना यात्रा इटावा पहुंची**

अवगत कराना और नदी संरक्षण को जल आंदोलन का रूप देना है। जल सहेलियों का मानना है कि जब तक समाज नदी को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेगा, तब तक कोई भी योजना स्थायी समाधान नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि जल सहेलियां वर्षों से तालाबों, कुओं और सूखी नदियों के पुनर्जीवन पर काम कर रही हैं और अब उसी अनुभव के आधार पर यमुना नदी की लेकर समाज के बीच संवाद कर रही हैं। नदियों को बचाने के लिए भावनात्मक जुड़ाव, व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक भागीदारी सबसे अधिक आवश्यक है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मनीष राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड की जल सहेलियों ने यह साबित किया है कि महिलाए जल प्रबंधन की सबसे सशक्त धुरी हैं। यह यात्रा नदी और समाज के बीच टूटते संबंधों को फिर से जोड़ने का प्रयास है। जल सहेली फूलवती ने बताया कि गांव लोग यमुना की दुर्दशा से चिंतित हैं और इस यात्रा को आशा की नजर से देख रहे हैं।

# कोरोना काल में रद्द की गई ट्रेनों के फिर से ठहराव की उठाई मांग

संवाददताता भरथना इटावा


डीटीएमटू टूंडला को ज्ञापन देते समाजसेवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन की मूलभूत सुविधाओं और संरचनात्मक विकास को लेकर युवा समाज सेवियों ने 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीटीएम को सौपकर ट्रेनों के ठहराव की मांग की।

महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन में कस्बा के बीच स्थित रेल फाटक पर एफओबी के स्थान पर आरओबी निर्माण की मांग की गई, ताकि लोग वाहनों से आसानी से आवागमन कर सकें। स्टेशन पर कोच इंडिकेटर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और ट्रेन अनाउंसमेंट सिस्टम को कंप्यूटरीकृत करने की भी बात कही गई है। साथ ही कोरोना काल में रद्द की गईं ट्रेनों के फिर से ठहराव की मांग उठाई। इसके अलावा जर्जर हो चुके बुकिंग व वेटिंग हॉल को तोड़कर आधुनिक सुविधाओं से

- **समाज सेवियों ने रेलवे स्टेशन के विकास के लिए दिया ज्ञापन**

युक्त नए भवन के निर्माण करने तथा जीआरपी व आरपीएफ के लिए नई चौकी और टाइप-2 आवास बनाने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि स्टेशन के उत्तर और दक्षिण दिशा में पर्याप्त खाली भूमि है, जहां अतिरिक्त पटरियां बिछाकर स्टेशन का विस्तार किया जा सकता है। प्लेटफार्म संख्या 3/4 की लंबाई-ऊंचाई प्लेटफार्म 1/2 के समान करने और प्लेटफार्म 3/4 से फाटक तक जाने वाले अंधेरे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग भी शामिल है।

ज्ञापन देने वालो में देवाशीष चौहान, निशांत पोरवाल एडवोकेट, शशांक त्रिपाठी, दरविंदर सिंह गांधी, राजेश, पंकज, बॉबी आदि युवा शामिल रहे।

## 50 शैय्या अस्पताल में बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू

**बकेवर।** शासन के निर्देश के तहत कस्बा के 50 शैय्या अस्पताल प्रशासन ने चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी उपस्थिति की हाजिरी लगने को अस्पताल में अब बायोमेट्रिक मशीन लगवा दी गयी है। 1 फरवरी से हाजिरी बायोमेट्रिक होने से देर से आने वाले चिकित्सकों में हड़कम्प मचा है। 1 फरवरी को रविवार होने से मात्र इमरजेंसी ही चालू थी।अस्पताल में बायोमेट्रिक मशीन लगने के बाद सोमवार को पहले दिन ही अस्पताल से तीन चिकित्सक गैरहाजिर रहे। अस्पताल के सीएमएस डॉ संदीप गुलाटी ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्टाफ की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगवा दी गयी है। सभी स्टाफ को बायोमेट्रिक हाजिरी देने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। सोमवार को तीन चिकित्सक महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता गौतम, नेत्र सर्जन डॉ ऋतु व हड्डी रोग विशेषज्ञ अभिषेक स्वर्णकार गैरहाजिर रहे।

# वसंती मौसम शुरू होने पर सफारी में बढ़े पर्यटक


सफारी में घूमते पर्यटक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** इन दिनों वसंत ऋतु चल रही है, लौटती हुई सर्दी से मौसम सुहावना हो गया है। इसके चलते बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी पहुंच रहे हैं और वन्यजीवों का दीदार कर रहे हैं। रविवार को तो 875 पर्यटक सफारी देखने के लिए पहुंचे।

कानपुर के ओमर वैश्य जगदीश मंडल से जुड़े हुए परिवारों के 280 लोगों ने सफारी पार्क का भ्रमण किया। इस मंडल ने सफारी पार्क को काफ़ी सराहा। मंडल के पदाधिकारियों ने सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह व क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव को बेहतर प्रबंधन और भ्रमण को यादगार बनाने में सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। उन्हे एक स्मृति चिह्न भेंट किया।

समूह के सदस्यों ने वन्य जीवों के संरक्षण में सहयोग के लिए 5 हजार रुपये का योगदान भी दिया गया। बदले मौसम में सफारी पार्क में भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों में वन्य जीवों के प्रति काफ़ी लगाव देखने को मिल रहा है। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना उर्स 5 और 6 को

**इटावा।** शहर में हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा का 54 वां दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन 5 व 6 फरवरी को होगा।

जेल वाले सैय्यद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेवाती टोला निवासी मेरे पिता स्व. बशीर अहमद नियाज़ी द्वारा स्थापित जेल वाले सैयद बाबा का 54 वां सालाना उर्स सैय्यद एजाज हुसैन की सरपरस्ती में होगा। उन्होंने बताया कि उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद महफ़िले समां में अपने कलाम पेश करेंगे। कमेटी की ओर से जेल वाले सैय्यद बाबा की दगाह सहित कचहरी वाले सैयद बाबा की दरगाह, मोतीझील वाले सैयद बाबा की दरगाह पर चादरपोशी की जाएगी। उर्स में जनपद सहित बाहरी जनपदों के श्रद्धालु भी भाग लेंगे।

# डीपीआरओ के वीडियो की निष्पक्ष जांच की मांग

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की इटावा इकाई ने डीपीआरओ का वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की इटावा इकाई के जिलाध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह धनगर तथा जिलामंत्री धर्मेंद्र यादव की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया कि सोशल मीडिया पर डीपीआरओ बनवारी सिंह का वीडियो वायरल हो रहा है इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जिला पंचायत राज विभाग में तैनात कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जब जब राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मंडल जिला पंचायत राज अधिकारी से मिला। तब बिना किसी भेदभाव तथा किसी कर्मचारी से बिना कुछ लेनदेन किए समस्याओं का निराकरण किया जाता रहा है तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संज्ञान में डीपीआरओ बनवारी सिंह सरकारी आचरण नियमावली के तहत शासकीय उत्तरदायित्वों का लगन एवं शासन की नीतियों के तहत निर्वाहन करते हैं।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की निष्पक्ष ढंग से जांच कराई जाए।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# गली में जलभराव से लोग हो रहे परेशान, नहीं मिला समाधान

संवाददाता भरथना इटावा


गंदे पानी से भरी गली से निकलते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के इन्द्रा नगर मोहल्ले की एक गली लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। हालात यह हैं कि गली वर्ष भर पानी से भरी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। कीचड़ और गंदे पानी के बीच होकर गुजरना यहां के निवासियों की मजबूरी बन गई है।

गली में पानी भरे रहने के कारण आए दिन स्कूली बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, वहीं बुजुर्गों के लिए चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। लोगों का कहना है कि कई बार बच्चे स्कूल जाते समय गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब पानी गली से निकलकर घरों के दरवाजों तक पहुंच जाता है। मोहल्लेवासियों के अनुसार, सड़क और नालियों का

- **बच्चों को गंदे पानी से निकल कर जाना पड़ रहा स्कूल**

निर्माण सही ढंग से नहीं किया गया, जिसके चलते पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। नालियां या तो टूटी पड़ी हैं या फिर उनकी ढलान सही नहीं होने से पानी रुक जाता है और सड़कों पर भर जाता है। गंदा पानी जमा रहने से बदबू और मच्छरों की भरमार भी बढ़ गई है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। कागजों में कार्रवाई दिखाकर जिम्मेदार पल्ला झाड़ लेते हैं। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गली में पक्की सड़क और व्यवस्थित नाली निर्माण कराया जाए, ताकि जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

# जरूरतमंद पांच महिलाओं को दी गईं सिलाई मशीनें

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद पांचाल प्रान्त स्वामी विवेकानन्द शाखा भरथना के तत्वावधान में सुन्दरकाण्ड समिति द्वारा सुन्दरकाण्ड एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 5 महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित की गई।

कस्बा के बकेवर रोड स्थित ऊँ श्री पागलबाबा गंगासागर धाम पर रविवार को आयोजित भव्य सुन्दरकाण्ड पाठ का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम व पवनसुत हनुमान के तिलक वन्दन व पूजन अर्चन के साथ हुआ। तदुपरान्त परिषद सहित अन्य धर्मप्रेमियों ने संगीतमयी सुन्दर काण्ड का पाठ किया। परिवार मिलन समारोह के

- **सुन्दरकाण्ड व परिवार मिलन समारोह का हुआ आयोजन**

दौरान मंचासीन मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर चौरसिया, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, रमेश शुक्ला आदि ने परिषद द्वारा उपलब्ध करायी गई। 5 सिलाई मशीनें जरूरतमन्द महिलाओं को भेंट की। इस दौरान अध्यक्ष चन्द्रशेखर राठौर, सचिव रामप्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष लविश कौशल, देवेन्द्र पोरवाल, माधुरी श्रीवास्तव, डॉ. आरएन दुबे, सुनील दीक्षित कुक्कू, नेक्से पोरवाल, कुलदीप तिवारी, देवेन्द्र पोरवाल, शैलेन्द्र सिंह राठौर, निशान्त पोरवाल, नीलू पांडेय, अमित श्रीवास्तव, ऋषभ गुप्ता, निखिल पोरवाल, दरविन्दर सिंह, असित पाल, सुशील पाल, संजय माधवानी, विपिन पोरवाल रहे।

**अभियान** | सुदिति ग्लोबल एकेडमी में पीजीआई के डॉक्टरों की टीम ने किया जागरूक

# टीबी के लक्षण बचाव व उपचार की दी जानकारी

कार्यालय संवाददताता इटावा


कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों की टीम, स्टाफ व बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के श्वसन रोग विभाग की ओर से टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को टीबी रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स विंग की निदेशक डॉ. निधि यादव एवं प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा सैफई से पधारे चिकित्सकों—सीनियर प्रोफेसर डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नम्रता, सीनियर रेजिडेंट डॉ. रोहित कुमार, जूनियर रेजिडेंट डॉ. खुशबू, डॉ. एकता प्रभाकर, डॉ. अब्दुल करीम, साथ ही राघवेंद्र एवं अमरेंद्र (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) का अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत कर किया गया।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नम्रता ने बताया कि टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से होने वाला संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है तथा यह खांसी-छींक से फैलता है। उन्होंने इसके प्रमुख लक्षणों व समय पर जांच एवं उपचार से पूर्ण इलाज संभव होने पर जोर दिया। डॉ. एकता एवं डॉ. खुशबू शर्मा ने भी रोग से बचाव पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। अंत में प्रधानाचार्य कमल कुमार ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के साइंस क्लब की कोऑर्डिनेटर सीमा यादव एवं अरविंद कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर 500 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सर्वाइकल कैंसर के बारे में बताया

**सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के सहयोग से कैंसर जागरूकता माह सफलतापूर्वक मनाया गया। नागला सुभान गांव स्थित पीएनबी सीएसआर यूनिट में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. गगनदीप कौर, एसोसिएट प्रोफेसर ने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की नियमित जांच, शीघ्र पहचान तथा एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण एवं यूपीयूएमएस में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जागरूक किया। डॉ. सुगंधि शर्मा ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों, जोखिम कारकों तथा समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शीघ्र निदान ही कैंसर से बचाव की कुंजी है।

## मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत वैदपुरा बाजार निवासी आशीष कुमार पुत्र शैलेन्द्र कुमार को किसी विवाद के चलते दबंगों ने पीट दिया। मारपीट में उसको काफी चोटें आई। दूसरी घटना थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत भानपुर में हुई जहां सनी को किसी विवाद के चलते दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ढंढौस वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 02.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढंढौस विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 03/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 05/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रकाश के घर से ग्रीश के नल तक इण्टरलाकिंग व नाली। | 629002 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 2 | अंगद मास्टर के घर से कुलदीप मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली | 630226 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 3 | जूनियर स्कूल में इण्टर लॉकिंग कार्य | 976026 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |

रेनू – ग्राम प्रधान बिजेन्द्र – पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### वन विभाग की टीम ने अजगर पकड़ा

**बेला।** थाना क्षेत्र के तिर्वा रोड पर सोमवार को दोपहर करीब एक बजे जनपद कन्नौज बॉर्डर के पास गांव लक्षीरामपुर्वा मोड़ के पास सड़क किनारे एक 10 फीट लम्बा अजगर देख ग्रामीणों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे वनविभाग के दरोगा विश्राम सिंह ने अपनी टीम के साथ रेस्क्यू चला कर अजगर को पकड़ लिया। दरोगा विश्राम सिंह ने बताया हैं कि अजगर को सुरक्षित जगह पर छोड़ा गया है।

### महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित हुए दो पुलिसकर्मी

**बेला।** पिछले वर्ष प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 का आयोजन हुआ। महाकुम्भ के दौरान बेला थाना के दो पुलिसकर्मी मुख्य आरक्षी अनिल कुमार व आरक्षी रोहित कुमार को मुख्यमंत्री द्वारा महाकुम्भ सेवा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने दोनों पुलिसकर्मियों को महाकुम्भ सेवा मेडल पहनाया व प्रशस्ति पत्र देकर मिठाई खिलायी। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों ही पुलिसकर्मी काफी महनती व लगनशील हैं।

### रास्ते को कब्जामुक्त कराने की मांग

**बिधूना।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड ऐरवाकटरा के ग्राम नगला पहाड़ी में कुछ दबंगों द्वारा गांव की मुख्य गली को दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जनहित में दबंगों के कब्जे से आम रास्ते को मुक्त कराए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला पहाड़ी निवासी पूनम देवी, तारा देवी, राम अवतार सिंह, प्रिया देवी, उमा देवी, उमेश सिंह, बृजमोहन सिंह, सुरेश सिंह, दुष्यंत सिंह, विजय सिंह, मुनेंद्र कुमार, विपिन कुमार, परमाल सिंह आदि ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला अधिकारी, उपजिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव में दो दशक से अधिक समय पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा पक्के ईंट खरंजे का निर्माण कराया गया था। गली के मध्य गांव के कुछ दबंगों ने पक्की दीवार खड़ी कर रास्ताबंद कर दिया है। विरोध करने पर दबंग मारपीट पर आमादा हो गए। उप जिलाधिकारी गरिमा सोनकिया ने बताया कि वह इस मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करेंगी।

### तालाब में मिला एक हफ्ते से गायब विक्षप्ति का शव

**शिवली (कानपुर देहात)।** कोतवाली क्षेत्र के बैरी बस्ता कालोनी गांव निवासी शिवम कमल ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसके 50 वर्षीय पिता मलखान उर्फ विजय कमल काफी समय से मानसिक रूप से कमजोर है। वह अक्सर घर से बिना बताए चले जाते थे। बीती 26 जनवरी को उसके पिता बिना बताए घर से बाहर चले गए थे। उसने काफी पता लगाया। हालांकि कहीं पर पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली कि एक व्यक्ति का शव रामजानकी महाविद्यालय के पीछे स्थित तालाब में पड़ा हुआ है। उसने मौके पर जाकर देखा तो वह उसके पिता का शव था। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण कर है फोरेंसिक टीम को सूचना दी। फॉरेंसिक टीम में मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये। अधेड़ व्यक्ति की मौत हो जाने पर उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

### मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो घायल

**कानपुर देहात।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के गुरदही नहर पुल के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी सिकंदरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कानपुर नगर के चौबेपुर निवासी अभय सिंह अपने साले आंसू के साथ बाइक से अपनी बहन के घर नहिली गए थे। वहां से वापस सिकंदरा की ओर लौटते समय गुरदही नहर पुल के पास उनकी बाइक की टक्कर नैनापुर निवासी राजकुमार की बाइक से हो गई, जो सिकंदरा से अपने घर लौट रहे थे। हादसे में अभय सिंह, आंसू और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी।

# फाटक में जाम के चलते आधा घंटे आउटर पर खड़ी रही एक्सप्रेस ट्रेन

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



जाम में फंसे कस्बावासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में लगे मेले और सोमवार को साप्ताहिक बाजार के चलते सोमवार सुबह से दोपहर तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण एंबुलेंस, स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे फाटक पर लगे जाम के चलते अमृत भारत एक्सप्रेस करीब 30 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही।

जानकारी के अनुसार दोपहर 3:30 बजे फाटक खुलने के बाद बाजार और मेले की वजह से जाम इतना अधिक था कि फाटक बंद नहीं हो सका। बाद में करीब 4:08 बजे फाटक बंद होने के बाद ट्रेन को इटावा की ओर रवाना किया गया। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित ढंग से खड़े ठेले और वाहन मार्ग संकरा होने का कारण बने रहे। जाम खुलवाने के लिए फाटक पर तैनात पीआरडी जवान ने काफी मशक्कत की। बाद में आरपीएफ के सतेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा, उपनिरीक्षक ब्रज किशोर और सिपाही मोहन तोमर मौके पर पहुंचे।

# दीपावली बोनस, डीए न मिलने से शिक्षकों में रोष

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शिक्षकों का आरोप, खंड शिक्षा अधिकारी कर रहे लापरवाही

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा दीपावली के अवसर पर शिक्षकों व कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा के बावजूद जनपद के औरैया ब्लॉक में इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। लगभग साढ़े तीन महीने बीतने के बाद भी बोनस न मिलने से शिक्षकों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

औरैया ब्लॉक के 197 परिषदीय विद्यालयों में लगभग 699 शिक्षक कार्यरत हैं। शासन के निर्णय के अनुसार अक्टूबर माह के वेतन के साथ बोनस जारी किया जाना था, लेकिन अब तक बोनस व डीए का भुगतान नहीं हो सका। इससे शिक्षक वर्ग में भारी असंतोष है और विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद दुबे ने बताया कि संघ द्वारा कई बार मांग उठाने के बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे। लंबे समय से डीए बोनस से संबंधित बिल तक तैयार नहीं किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बोनस से जुड़ी पत्रावलियां लेखा कार्यालय और बीएसए कार्यालय तक भेजी ही नहीं जा रही हैं, जिससे भुगतान प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, लेकिन विभाग हर साल शासनादेशों के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतते हैं। बोनस, चयन वेतनमान और अन्य वित्तीय देयों में देरी अब एक सामान्य समस्या बन चुकी है। शिक्षकों ने मांग की है कि सभी वित्तीय लाभ समय पर प्रदान किए जाएं, ताकि उन्हें अनावश्यक आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। शिक्षकों का यह भी कहना है कि सरकार की घोषित योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिल सकता है, जब विभागीय अधिकारी समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

#### खंड शिक्षा अधिकारी पर पहले भी लग चुके आरोप

हाल ही में डाइट प्राचार्य जीएस राजपूत और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में व्यापक अनियमितताएं सामने आई थीं, जिनमें विकासखंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी की निष्क्रियता की बात भी उजागर हुई थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि निरीक्षण, प्रशासनिक व्यवस्था और अब बोनस भुगतान जैसी गंभीर लापरवाहियों के बावजूद संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

# ई-रिक्शा चारपाई से टकराया किसान की गई जान, दो घायल

## बेला थाना क्षेत्र के फतेतापुरवा का मामला, फरार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता, बेला (औरैया)



हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेतापुरवा निवासी किसान मिथुन (27) पुत्र स्व. आशाराम की सोमवार सुबह हादसे में मौत हो गई, जबकि उनके भाई समेत दो अन्य लोग घायल हो गए।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे मिथुन अपने घर के बाहर चारपाई डालकर भाई पिंटू, ग्रामीण प्रेमनारायण और बच्चों के साथ बैठे थे। इसी दौरान बरकसी गांव की ओर से आ रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर चारपाई से टकरा गया और पलट गया। हादसे में चारपाई पर बैठे मिथुन, पिंटू और प्रेमनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। परिजन घायलों को निजी वाहन से जनपद कन्नौज के मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने मिथुन को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों का उपचार जारी है। मिथुन की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मां बासना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी शालू और चार छोटी बेटियां कृसोना, मोना, रीना व रोहिनी हैं। मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि ई-रिक्शा थाने में खड़ा करा दिया गया है। चालक फरार है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**दिबियापुर।** थाना क्षेत्र के असेनी गांव में रविवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस की मदद से उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हिमेश (22) निवासी डेरा गांव, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई है। वह बाइक से असेनी गांव अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

# परचून की दुकान में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जला

संवाददाता, दिबियापुर

- नगर के बेला रोड स्थित राणा नगर स्थित दुकान का मामला



आग बुझाने के दौरान दुकान से सामान बाहर करता दुकानदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के बेला रोड स्थित राणा नगर में सोमवार को एक परचून की दुकान में इनवर्टर के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगते ही दुकान से घना धुआं उठने लगा। मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दुकान में रखी मिर्च के जलने से उठे तेज धुएं के कारण वे पीछे हट गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। क्षेत्र संकरा होने और दुकान के नीचे बने गोदामों तक पानी न पहुंच पाने के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब तीन घंटे बाद दोपहर लगभग 2:45 बजे आग पर काबू पाया जा सका। राणा नगर निवासी सनी तिवारी के मकान में अमन पोरवाल किराये पर परचून की दुकान संचालित कर रहे थे। आग में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं पास में चल रही चाय की दुकान का सामान भी चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान के नीचे बने दो गोदामों में भारी मात्रा में सामान रखा था, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है, हालांकि सही आकलन किया जा रहा है। आग बुझाने के लिए गेल से आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और नगर पंचायत का पानी टैंकर लगाया गया। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, सभासद राहुल दीक्षित, अजय पोरवाल सहित समाजसेवी, बिजली विभाग के कर्मचारी व अवर अभियंता अरुण कुमार मौजूद रहे। अग्निशमन अधिकारी तेजवीर सिंह ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों और नुकसान की जांच की जा रही है।




सीओ को स्वागत करते व्यापार संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी का किया स्वागत

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** नवागुंतक क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार गंगवार का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने नगर में होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस मौजूद व्यापार मंडल कंछल गुट के नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ( संतोष स्वीट हाउस), और युवा नगर उपाध्यक्ष आशीष और लाल सिंह एडवोकेट, सुरेश राजपूत पत्रकार, संजू पत्रकार, अवनीश दुबे, मुस्कान आदि रहे।

# अछल्दा के जूडो-कराटे खिलाड़ियों का रहा दबदबा, छह मेडल जीते

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



मेडल जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे की एसएस कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने कानपुर में आयोजित जूडो-कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 6 मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता रविवार को कानपुर स्थित इंद्रधनुष एकेडमी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन के बाद, विजेता खिलाड़ियों को उमाशंकर गौतम द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

जूडो-कराटे प्रतियोगिता में अछल्दा के कुल छह बच्चों ने भाग लिया। इनमें रिशू, अर्नव चौधरी, देव वर्धन, लक्ष्य भदौरिया और अखंड यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए। वहीं, पार्थ यादव ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अछल्दा के इन युवा खिलाड़ियों ने कराटे में अपनी बेहतरीन तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

# त्योहारों पर सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** आगामी शब-ए-बारात और महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर फफूंद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा और स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में क्षेत्राधिकारी ने कहा कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसी बीच, वरिष्ठ नागरिक बेचेंलाल कोरी ने कस्बे में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि पर्वों के दौरान मुख्य मार्गों पर भीड़ बढ़ने से आमजन और श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है। इस पर संज्ञान लेते हुए सीओ ने थाना प्रभारी को रूट डायवर्जन और अतिरिक्त बल तैनात करने के निर्देश दिए। पूर्व चेयरमैन इजहार अहमद ने क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब का हवाला देते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। स्थानीय नागरिकों ने बिजली, पानी और धर्मस्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की। थाना प्रभारी अजय कुमार ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर छोटी-बड़ी समस्या पर नजर रख रहा है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन इजहार अहमद, बेचेंलाल कोरी, सुरेश अवस्थी, रविन्द्र दुबे आदि रहे।

**किया जागरूक** | अजीतमल के भदसान में जिला विज्ञान क्लब का कार्यक्रम

# अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया



चयनित बच्चों के साथ मौजूद एडीएम वित एवं राजस्व। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिलाधिकारी के निर्देशन में विकास खण्ड अजीतमल के भदसान स्थित शैलेंद्र मेमोरियल एकेडमी में जिला विज्ञान क्लब द्वारा अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को हुए आयोजन में बाहर से आए विशेषज्ञों द्वारा अंधविश्वास के विरुद्ध प्रदर्शनी लगाई और ग्रामीण व बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु विज्ञान संबंधी विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत से किया गया। प्रयागराज से आए प्रमोद मिश्रा द्वारा तांत्रिक व बाबाओं द्वारा किए जाने वाले विभिन्न चमत्कारों हवा से ताबीज व भभूत निकालना, भूत प्रेत का साया बताना, रस्सी काटकर जोड़ना, नजर उतारना, अग्नि स्नान आदि का प्रदर्शन कर उसकी वैज्ञानिक व्याख्या कर लोगों को जागरूक किया। एक फूल से माला बनाना, देशी घी से आग जलाना, लड़की के सिर पर आग जलाना आदि प्रदर्शन किए। सोनभद्र से आये विशेषज्ञ जलज गुप्ता ने भारी पत्थर पानी में डूबने न देने, नमक से बर्फ और कैल्शियम कार्बोनेट से आग लगाकर बच्चों को कार्बाइड व विभिन्न कैमिकल के दुष्परिणाम और जादुई घटनाओं के वैज्ञानिक कारण बताए। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह ने कहा कि भूत प्रेत चुड़ैल नहीं होते इन सब मिथ्या बातों से छात्रों व ग्रामीणों को जागरूक रहना चाहिए। एडीएम वित्त एवं राजस्व अविनाश चंद्र मौर्य ने कहा कि विज्ञान आओ करके सीखने का विषय है। बच्चे विज्ञान से आसपास चीजों व घटनाओं पर संदेह जरूर करें। यदि संदेह करेंगे तो जिज्ञासा पैदा होगी कि यह कैसे हुआ। तब जाकर एक वैज्ञानिक दिमाग विकसित होगा और विज्ञान का महत्व पता चलेगा। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब के कार्यों को सराहते हुए सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र दिए। उनके द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में छह, मॉडल प्रतियोगिता में चार व क्विज में चयनित 10 बच्चों को प्रशस्ति पत्र व उपहार दिया गया। कार्यक्रम में डीसी समग्र शिक्षा माध्यमिक दीपक द्विवेदी, होमगार्ड जिला कमांडेंट औरैया अजय सिंह राणा, होम कमांडेंट इटावा प्रेम प्रशांत, स्कूल प्रबंधक संध्या सिंह, प्रिंसिपल यदुराम सेंगर, डायरेक्टर सरनाम सिंह, जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह व सदस्य मनीष कुमार, रामेंद्र कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश, मुहीत सिद्दीकी, कमलकांत पॉल, प्रीति त्रिपाठी, विकास सक्सेना, मो आमिर, सागर गुप्ता व शिववीर सिंह मौजूद रहे।

# खाटू श्याम सेमिनार में अछल्दा के ज्योतिष डॉ. रमन सेंगर को विशिष्ट उपलब्धि सम्मान

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



हस्तरेखा ज्योतिष को सम्मानित करते धर्मेंद्र बंसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री खाटू श्याम बाबा की एकादश अखिल भारतीय ज्योतिष चर्चा एवं पारम्परिक भारतीय पराविज्ञान सम्मेलन का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक श्याम अतिथि निवास, खाटू श्याम में किया गया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर से आए ज्योतिष एवं पराविज्ञान के विद्वानों ने भारतीय ज्योतिष, वास्तु, अंक ज्योतिष और पारम्परिक ज्ञान पर गंभीर मंथन किया।

सम्मेलन में सराय बाजार निवासी हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. रमन सेंगर को ज्योतिष एवं हस्तरेखा विद्या के पुनरुत्थान में उनके विद्वतापूर्ण योगदान और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कार्यक्रम के आयोजक कानूनगो धर्मेन्द्र कुमार बंसल एवं श्रीमती सुमन बंसल (फिरोजपुर, पंजाब) तथा मुख्य सहयोगी दिल्ली निवासी संजय गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सम्मान-प्रतीक प्रदान कर दिया गया।

आयोजकों ने बताया कि ऐसे सम्मेलन भारतीय ज्योतिष परंपरा को जीवंत बनाए रखने और समाज को सकारात्मक मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेष सत्रों का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्वानों ने नई पीढ़ी तक पारम्परिक ज्ञान पहुंचाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित महामंडलेश्वर डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि हस्तरेखा केवल भविष्य कथन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने वाला वैज्ञानिक और आध्यात्मिक ज्ञान है। उन्होंने डॉ. रमन सेंगर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे इस विद्या को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### छत तोड़ते श्रमिक गिरा कंधे में घुसी सरिया

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर नौ निवासी असलम के यहां भवन निर्माण चल रहा है। भवन निर्माण में मोहल्ले का दिहाड़ी मजदूर बच्चू लाल अहिरवार (50) भी कार्य कर रहा था। भतीजे शेरा ने बताया कि बच्चूलाल भवन की पुरानी छत तोड़ रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे पड़ी सरियों में आकर गिर गया, जिससे एक सरिया उसके कंधे से आर पार हो गई। रविवार शाम भवन निर्माण कर रहा दिहाड़ी मजदूर संतुलन बिगड़ने से सरियों के ऊपर आ गिरा। जिस पर एक सरिया उसके कंधे में जा घुसी। सरिया को काटकर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर सरिया निकाली। अब हालत में सुधार है।

### छात्रा से मनचले ने की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**पौथिया।** ललपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा के साथ युवक ने छेड़छाड़ कर दी। छात्रा के चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। सोमवार को करीब दो बजे आरोपी राजकुमार शर्मा ने छात्रा को ललपुरा बस स्टैंड से अपनी बाइक में बैठाकर खेतों की ओर ले जाकर छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रही महिलाएं दौड़ीं तो आरोपी की धमकी देते हुए भाग गया। ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फोटो खींचने के विवाद में युवक को पीटा

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव में मोबाइल पर फोटो खींचने पर हुए मामूली विवाद में चचेरे भाई और भतीजे ने युवक के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडों से पिटाई दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। टीकुर निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल फोन में फोटो खींचने को लेकर हुए मामूली विवाद के चलते उसके परिवार के दो लोगों ने गाली-गलौज कर लाठी डंडों से पिटाई कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी।

### मौरंग खनन में दो को तमंचा के साथ दबोचा

**कुरारा।** थाना क्षेत्र में बेतवा नदी से मौरंग निकालकर रात में ट्रैक्टरों से महंगे दामों में बेची जा रही है, जिसमें छुटभैया माफिया हर गांव में लोकेटर बनाए हैं, जो लोगों से मौरंग डलवाने का सौदा करते हैं। सोमवार को पुलिस ने कंडौर गांव में मौरंग लोड करवा रहे राघवेंद्र उर्फ रघु पुत्र शिवशेर सिंह निवासी कंडौर व सचिन उर्फ रामू पुत्र बलराम निवासी अछ्पुरा बहदीना थाना ललपुरा को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में दोनों के पास तमंचा बरामद हुए। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### इंटर के छात्रों को भव्य तरीके से दी विदाई

**सुमेरपुर।** मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज में इंटर के छात्रों को विदाई दी गई। कॉलेज प्रबंधक रणवीर सिंह, अशोक कुमार शर्मा, उप प्रबंधक डॉ पुनीत पालीवाल, संरक्षक अजय पालीवाल, प्रधानाचार्य दीपका द्विवेदी के अलावा अध्यापक भारत प्रसाद, अनुराग तिवारी, नसीम खान, गुलाब साहू, राकेश सेंगर, अभिषेक विश्वकर्मा, राहुल यादव, मृत्युंजय, अनुराग, शिखा गुप्ता, उर्मिला सिंह, साक्षी, ज्योति, बबली उपस्थित रहे।

### ब्रह्मलीन रामानुज की याद में शुरू हुआ यज्ञ

**बिवांर।** बांधुरबुजुर्ग गांव के संकट मोचन मंदिर परिसर में शिव अर्चन यज्ञ शुरू है। यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन अनंत विभूषित रामानुज दास की यादगार में किया जा रहा है। महोबा के जगप्रसाद तिवारी, सेमरी बांदा के उमाशंकर दीक्षित, चित्रकूट के रविंद्र तिवारी और संगीताचार्य हरिशंकर कथा का वर्णन कर अपने आराध्य से जुड़े रहने की प्रेरणा दे रहे हैं। तीन फरवरी को पूर्णाहुति के साथ भंडारा होगा। ग्राम प्रधान अमरुद्दीन, जगत प्रसाद दुबे, अशर्फीलाल सोनी ने बताया कि 51वां शिवार्चन का कार्यक्रम किया गया है।

### मजदूर संघ ने मांगा श्रमिक सुविधा केंद्र

**हमीरपुर।** सुमेरपुर में श्रमिक सुविधा केंद्र बनवाने की मांग को लेकर मजदूर संघ ने सोमवार को डीएम घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष शिवशरण सिंह के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में चौराहे पर श्रमिक सुविधा केंद्र और महिला मजदूरों के लिए शौचालय की व्यवस्था करने के साथ ही कैंटीन की मांग की है। इस मौके पर अजीत सिंह गौतम, राजेश सेंगर, लल्लू राम भारती, महेश, अवधेश चंद्र गुप्ता आदि रहे।

# प्रतिबंधित रॉटविलर डॉग का हमला, बालक गंभीर घायल

## सुमेरपुर कस्बे में छत पर खेलते समय पालतू कुत्ते ने एकबारगी बोला हमला

- गंभीर हालत में सीएचसी से सदर अस्पताल के लिए रेफर
- बसपा नेता का बताया जा रहा कुत्ता, पुलिस से शिकायत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड संख्या 8 विंध्यवासिनी मार्ग पर रविवार की देर शाम प्रतिबंधित रॉट विलर डॉग (कुत्ते) ने हमजोली दोस्त के साथ छत पर खेल रहे बालक पर हमला कर लहुलुहान कर दिया। कुत्ते के हमले से बालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। हमला करने वाला कुत्ता बसपा नेता का बताया जा रहा है। बताते हैं कि इसके पहले भी यह कुत्ता कई लोगों को काट चुका है। मामला पुलिस के पास पहुंचा है।

कस्बे के वार्ड संख्या-8 विंध्यवासिनी मार्ग पर रविवार की देर शाम दोस्त के घर की छत पर खेल रहे राजेंद्र गौतम के पुत्र अंश (12) पर रॉटविलर डॉग ने एकबारगी हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। कुत्ते ने अंश की छाती और हाथ में बुरी तरह चबाया। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। बालक के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के लोग दौड़े और किसी तरह हमलावर कुत्ते से बालक को बचाया। कुत्ते के हमले से बालक बुरी तरह सहम गया। परिवार के लोग फौरन उसे लेकर अस्पताल की तरफ भागे। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मां अनीता गौतम ने बताया कि बेटा अंश अपने हमजोली दोस्त आदित्य के साथ छत पर खेल रहा था, तभी रॉटविलर कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया और छाती व हाथ में बुरी तरह चबा लिया। बालक के पिता राजेंद्र गौतम ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी है, लेकिन अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि हमला करने वाला रॉटविलर डॉग एक बसपा नेता का है, जो पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है।

### भारत सरकार ने लगा रखा प्रतिबंध



भारत सरकार ने रॉटविलर सहित 23 आक्रामक विदेशी डॉग ब्रीड्स के प्रजनन, बिक्री और पालने पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस सिलसिले में भारत सरकार ने पहले ही राज्यों को निर्देश दे रखा है। भारत सरकार ने यह कदम पालतू कुत्तों के हमलों में वृद्धि और घातक घटनाओं के बाद उठाया था। प्रतिबंध लगाते समय यह भी प्रावधान किया गया था कि जिनके पास पहले से ये कुत्ते हैं, उन्हें उनकी नसबंदी करानी होगी, ताकि इनकी संख्या बढ़ नहीं सके।

### रॉट विलर डॉग की अनुमति लेना जरूरी

- नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य का कहना है कि रॉटविलर डॉग प्रतिबंधित प्रजाति का है। इसको पालने के लिए अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी तक उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। अगर इस तरह की कोई शिकायत आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सर्व हिंदू समाज को जागृत होना जरूरी

**मौदहा (हमीरपुर)।** हिन्दू जगेगा, देश जगेगा को लेकर संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर समस्त देश विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य पर मौदहा खंड के ग्राम नायकपुरवा इचौली में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन झरियारे बाबा के मन्दिर स्थान पर हुआ।

हिंदू सम्मेलन में महन्त मुरलिया बाबा खेरापति आश्रम अटघार एवं मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष रामदत्त पाण्डेय शामिल हुए। उन्होंने कहा देश की मौजूदा स्थिति देखते हुए हिन्दू समाज को जागृत होने की विशेष आवश्यकता है। हम देख रहे हैं कि समाज में मतांतरण, धर्मांतरण जैसी अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं, जिनको रोकना जरूरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष माता प्रसाद वर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति ही हमारे देश की मूल संस्कृति है। कार्यक्रम का संचालन संजय शास्त्री ने किया। इस मौके पर हर्षराज सिंह, दिनेश सिंह, भारत सिंह, खंड प्रचारक सुनील, सुरेन्द्र शिवहरे, रज्जन मिश्रा सहित हजारों की संख्या में हिन्दू समाज एकत्र हुआ।

# डंपर ने बच्चे की जान ली, मां-बेटी घायल

**रफ्तार की मार**

- हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर छानी गांव के पास मारी टक्कर
- मां-बेटी को गंभीर हालत गंभीर में जिला अस्पताल रेफर किया

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के छानी गांव के निकट हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार के साथ उसकी पत्नी, पुत्री और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। नाजुक हालत में चिकित्सालय ले जाते समय उसके पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री को सदर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं बाइक चालक को हल्की चोंटे आई हैं।

बिवांर थाना क्षेत्र के कल्ला गांव के रहने वाले राजकुमार पुत्र आनंद सिंह सोमवार को बाइक पर पत्नी सावित्री, पुत्री शिवानी और पुत्र मोहित को लेकर हमीरपुर से घर लौट रहा था, तभी छानी गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें पांच वर्षीय पुत्र मोहित को गंभीर चोट आईं।

हादसे के बाद बाइक चालक राजकुमार ने यूपी 112 नंबर पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को छानी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर सभी लोगों को सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से चिकित्सालय ले जाते समय स्वासा गांव के पास मोहित ने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। घायल पुत्री और पत्नी को सदर चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस डंपर सहित घाटमपुर क्षेत्र के गुच्चुपुर के चालक शमशाद को हिरासत में लेकर थाने लाई। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सुमेरपुर-बांदा मार्ग के मकान गिराने की नोटिस से हड़कंप

- चौड़ीकरण को लेकर कार्यदायी संस्था ने जारी की नोटिस
- गांव वालों ने एडीएम को ज्ञापन सौंप लगाई न्याय की गुहार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर-बांदा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पंधरी गांव में सड़क किनारे बने मकानों को गिराए जाने को लेकर कार्यदायी संस्था ने लोगों को नोटिस दी है। इसको लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

पंधरी निवासी संजय प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, पुन्नू लाल, रामप्रकाश, पुष्पेंद्र, रामप्रकाश, बरदानी लाल, मोहित, जगदीश प्रसाद आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि सुमेरपुर-बांदा मार्ग किनारे उनके 100 वर्ष पुराने कच्चे पक्के आशियाने हैं। मार्ग चौड़ीकरण को लेकर उनके पुस्तैनी मकान गिराने के बावत पीडब्लूडी विभाग ने नोटिस जारी की है। जिसमे उन्होंने एक सप्ताह का समय निर्धारित किया है। जिसके चलते वह राहत के लिए जिलाधिकारी के पास गुहार लगाने पहुंचे जहां उन्होंने अपने पुश्तैनी आशियानों को बचाने के लिए प्रशासन से गांव के अंदर बने मकानों को छोड़कर सड़क को चौड़ीकरण कराने की मांग की है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पंधरी के ग्रामीण। अमृत विचार

## जीजीआईसी में लगा कॅरियर गाइडेंस मेला

**हमीरपुर।** शहर के जीजीआईसी में सोमवार को कॅरियर गाइडेंस मेला का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों ने छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में कॅरियर बनाने की जानकारी दी।

नेत्र चिकित्सक डा.चन्द्रभान यादव ने छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र की जानकारी दी। एडवोकेट विनीत सिंह ने कानूनी, महिला सब इंस्पेक्टर गीता ने सुरक्षा, रघुन्नदन सिंह आईटीआई के प्रधानाचार्य ने औद्योगिक क्षेत्र, कामिनी गुप्ता ने व्यूटीशियन के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की जानकारी दी। पंख पोर्टल के गाइडेन्स प्रकाश गौरव ने विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने के बारे में बताया। डीआईओएस महेश गुप्ता, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा राजेन्द्र सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन अमित दक्ष ने किया। प्रधानाचार्या सरस्वती देवी, नोडल शिवांगी स्वर्णकार, प्रेरणा सिंह, आरती सक्सेना, धर्मेन्द्र मिश्रा, अमर सचान आदि रहे।

# यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने विरोध किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। लोगों ने एक्ट को तत्काल वापस लेने की मांग की।

सोमवार को यूजीसी के विराध में सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के तत्वावधान में तहसील पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी एक्ट को समाज में मतभेद पैदा करने वाला और अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने इसे न्यायोचित और तर्कसंगत नहीं करार दिया। अलका द्विवेदी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार यूजीसी एक्ट वापस नहीं लेती है तो सवर्ण समाज भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदलने का काम करेगा। यह भी कहा गया कि विरोध प्रदर्शन के बाद 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि इस मामले में अगला फैसला आने तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष वंदना मिश्रा, जगदीश चंद्र चंचौदिया, प्रशांत गुप्ता राष्ट्रवादी, जयनारायन पचौरी, विवेक नगाइच, हरीमोहन चंसौरिया, राकेश चंद्र, सौरभ मिश्रा, बृजेंद्र, अपर्णा अग्रवाल, मनोज शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, रेखा तिवारी, रानी, सुधा शर्मा और अनामिका बुधौलिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।




एसडीएम को ज्ञापन देने जाते सवर्ण समाज के लोग। अमृत विचार

- राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया



विवज प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## क्विज प्रतियोगिता में बच्चे पुरस्कृत

- नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** वन विभाग ने जिला गंगा समिति के सहयोग से नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल विश्व आर्द्र भूमि दिवस यमुना तटबंध पर मनाया। जिसमें सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज के बच्चों की क्विज प्रतियोगिता कराई गई। स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज के बच्चों की क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अखिल, प्रवीण व सचिन रहे। द्वितीय स्थान पर शिखा, शगुन व प्रार्थना रहीं। जबकि तृतीय स्थान पर रहे नासिर, भास्कर को पुरस्कार में बड़ी शील्ड, पानी की बोतल, लंच बॉक्स व डॉट पेन देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या स्नेहा सचान, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे धीरेंद्र सिंह, वनसंरक्षक पुष्पेंद्र कुमार, संजय कुमार, आरिफ खान, जेआरएफ व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्राम प्रधानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** डिजिटल वित्तीय साक्षरता ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्राची गुप्ता सीनियर मैनेजर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर महोबा ने आयोजित किया। जिसका उद्देश्य पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। इसके बाद प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार ने प्रधानों को विभिन्न सरकारी पोर्टलों की विस्तृत जानकारी दी।

बताया कि इंटरनेट का सही उपयोग कर कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और अन्य जरूरी सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सकता है। पंचायत गेटवे पोर्टल, पंचायत सहायक उपस्थित ऐप, पंचायत निर्णय ऐप और मेरी पंचायत ऐप जैसे महत्वपूर्ण डिजिटल टूल्स के बारे में विस्तार से समझाया।

इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान विकास योजना के अंतर्गत बालसभा और महिला सभा की भूमिका पर भी चर्चा की गई। ट्रेनर अजीम ने पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य डिजिटल सत्रों की भी जानकारी दी। ऑनलाइन डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस प्रशिक्षण एडीओ पंचायत अमर सिंह, प्रधान संघ के अध्यक्ष महेश्वरीदीन प्रजापति, शिवप्रकाश, मौलाना खान, देवीदीन, सन्तराम कुशवाहा, अरविन्द कुमार सहित महिला प्रधान व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



डिजिटल वित्तीय साक्षरता के तहत प्रधानों को प्रशिक्षित किया गया। अमृत विचार

# वाईब्रेटर मशीन में करंट दौड़ने से मजदूर की मौत

- खंडेह गांव में छत की स्लैब ढलाई के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** छत ढलाई के समय वाईब्रेटर मशीन में करंट दौड़ने से मजदूर की मौत हो गई। हादसे से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खंडेह निवासी शपथ कुमार (36) पुत्र छेदीलाल गांव में ही मजदूरी करता था। सोमवार सुबह गांव के लक्ष्मण के घर की छत की ढलाई हो रही थी। जिसमें वह वाईब्रेटर मशीन चला रहा था। तभी अचानक मशीन में करंट उतर आया। इस घटना में मजदूर शपथ कुमार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन साल के मासूम बच्चे को रोता बिलखता छोड़ गया है। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। इस सम्बन्ध में कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है संबंधित उपनिरीक्षक को भेजा गया है। पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।



शपथ कुमार।

**शब-ए-बारात आज** | इशा की नमाज के बाद पूर्वजों की कब्रों पर फूल डालकर जलाएंगे अगरबत्ती

# कब्रगाहों में सफाई के साथ रंगाई-पुताई

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय का त्यौहार शब ए बारात मंगलवार को मनाया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के बुजुर्गो से लेकर बच्चे तक कब्रिस्तान में साफ सफाई और पुताई कर रहे हैं। वहीं सामूहिक कब्रगाहों में नगर पालिका द्वारा बिजली और सफाई के साथ मिट्टी डलवाने का काम शुरू कर दिया गया है।

शब-ए-बारात को लेकर मुस्लिम कारी अताउर्रहमान कादरी ने बताया कि रजब और रमजान का दरम्यानी महीना शाबान अल्लाह के रसूल का महीना है। रमजान उम्मत ए मोहम्मदिया का महीना है। अल्लाह के रसूल रजब, शाबान और रमजान में रोजा रखते थे, जिसमें रमजान के रोजा फर्ज हैं। जो शख्स शब ए बारात बाद नमाज़ मगरिब पानी में बेरी की सात पत्ती डालकर गुस्ल करे तो अल्लाह तमाम बीमारियों को दूर करता है। इशा की नमाज़ के बाद अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाएं, लेकिन अगरबत्ती कब्रों से दूर हटकर लगाएं। कब्र पर आग जलाना सख्त मना है। कब्रों पर फूल डालें, आतिशबाजी मना है। अपने बच्चों को ताकीद फरमाएं। शहर इमाम मौलाना करामत उल्लाह ने शब ए बारात को लेकर बताया कि यह रात शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है। यह बेहद फज़ीलत (महिमा) की रात मानी जाती है। इस दिन विश्व के सारे मुसलमान अल्लाह की इबादत करते हैं। वे दुआएं मांगते हैं और अपने गुनाहों की तौबा करते हैं। जिसमें सच्चे मन से तौबा करने वालों के गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। शब-ए-बारात की हदीस के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) शब-ए-बारात के दिन मदीना के अल-बक़ी कब्रिस्तान में गए थे। उन्होंने वहां.दफ़न सभी मुसलमानों की आत्माओं के लिए दुआ की थी, और इसी कारण मुसलमान इस रात अपने प्रियजनों की कब्रों पर जाकर उनकी आत्माओं की शांति और क्षमा के लिए प्रार्थना करते हैं।



कब्रगाह की सफाई करते हुए बच्चे। अमृत विचार

# युवा सशक्तिकरण की मुहिम चलाएगा बुंदेलखंड पूर्व सैनिक एसोसिएशन

- एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया संगठन का स्थापना दिवस
- प्रांतीय कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से किया गया गठन

संवाददाता, राठ, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के उरई रोड नहर बाईपास पर बुंदेलखंड पूर्व सैनिक एसोसिएशन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बुंदेलखंड पूर्व सैनिक संगठन के सभी सदस्यों ने युवा सशक्तिकरण, शिक्षा, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प लिया। साथ ही अपने संगठन की प्रांतीय टीम का गठन करते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नियुक्ति की।

स्थापना दिवस और कार्यकारिणी गठन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड कर्नल प्रेम प्रताप सिंह के अलावा बुंदेलखंड अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन श्यामबाबू सिंह, रिटायर्ड कैप्टन मोहन सिंह, सूबेदार केएम पांडे, धर्मशील द्विवेदी, रविंद्र शर्मा, रामनरेश सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने पूर्व सैनिक संगठन की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा किए गए कार्यों और आगे भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला इस दौरान वक्ताओं के द्वारा बताया गया कि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक संगठन की नींव लगभग तीन वर्ष पूर्व महोबा जनपद में रखी गई थी तथा संगठन का पंजीकरण 2 फरवरी 2024 में कराया गया था उन्होंने बताया कि उनके संगठन का उद्देश्य पद या पहचान प्राप्त करना नहीं बल्कि उत्तरदायित्व और कर्तव्य भावना के साथ समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करना है। स्थापना दिवस के दौरान बुंदेलखंड पूर्व सैनिक संगठन की नवीन कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बुंदेलखंड अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन एसबी सिंह बांदा का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया तथा बुंदेलखंड उपाध्यक्ष कैप्टन राजवीर सिंह (झांसी) एवं महासचिव रिटायर्ड सूबेदार अनिल त्रिपाठी (जालौन) के अलावा कोषाध्यक्ष लाखन सिंह एवं मीडिया प्रभारी रघुवेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया।

न्यूज ब्रीफ

## मकान बनाने में अड़ंगा डीएम से शिकायत

महोबा। कबरई ब्लाक के इमलीबरा गांव में दबंग परिवार महिला को मकान निर्माण नहीं करने दे रहा है। डीएम को दिए ज्ञापन में पीड़िता ज्योति चौरसिया ने बताया कि वह अपने मायके में बच्चों राज व सौम्या के साथ पिता के मकान में रहती है और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। पिता चंद्रपाल चौरसिया ने उसके नाम मौजा दरीबा गाटा संख्या 563/1 की नोटरी के माध्यम से हस्तांतरित की थी, जिसमें उसके नाम पर पीएम आवास योजना के तहत पहली किश्त भी आ चुकी है। बताया कि उक्त भूमि पर गांव का एक दबंग परिवार मकान का निर्माण नहीं करने दे रहे है साथ ही अभद्रता कर डराने धमकाने में आमादा है। प्रार्थी ने उक्त प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। एसओजी और कबरई थाने की संयुक्त टीम ने हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तों के कब्जे से तमंचा, कारतूस भी बरामद किए गए हैं। कबरई थानाध्यक्ष सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया व एसओजी प्रभारी शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्या में वांछित अभियुक्त मोनू सिंह (34) पुत्र साहब सिंह निवासी गुगौरा थाना कबरई और काजल (23) पुत्री अमर सिंह निवासी पुनिया थाना खरेला को आमा देवी पहाड़ के मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और 1030 रुपये बरामद बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया है।

## वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

महोबा। होमगार्ड में सहायक कंपनी कमांडर जखा गांव निवासी ओमप्रकाश (54) कमांडेंट कार्यालय से ड्यूटी पूरी कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बघौल गांव के पास सामने से पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया और सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाय, जहां इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)



शिक्षा चौपाल में भाग लेते नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय लाड़पुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। शिक्षा एक ऐसा ज्ञान है जो किसी से छीन नहीं सकता। उन्होंने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से नई शिक्षा पद्धति के अनुसार पढ़ाने की अपील की।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को विकासखंड जैतपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय लाड़पुर में शिक्षा चौपाल के मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे साथ ही अपने आसपास सफाई रखें, ताकि पर्यावरण और माहौल अच्छा रहे। जिस कारण बच्चे अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने वर्तनी सुलेख के बारे में जानकारी दी और उपस्थित बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने जवाब दिया।

नोडल शिक्षक संकुल सुभाष तिवारी ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार गांव गांव में विद्यालय संचालित करके बच्चों को शिक्षित कर रही है। चौपाल के मौके पर एसआरजी मनोज अनुरागी व एआरपी छत्रपाल यादव ने छात्र छात्राओं को सरल विधि से पढ़ाकर कैसे उन्हें योग्य बनाया जा सकता है। उन्होंने विधिवत तरीके से जानकारी दी। कक्षा सात के अनुराग ने शिक्षा से संबन्धित रैंप गाया। जिस पर मुख्य अतिथि ने उस बच्चे को नगद 500 रुपये का पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। विद्यालय के तमाम बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में करन राजपूत, प्रधान रामरतन पटेल, राकेश भट्ट, अनिल कुमार, महेंद्र, संतोष कुमार आदि रहे।

# बिजली की मनमानी कटौती से पानी का संकट

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- बिजली की वजह से कुलपहाड़ में पेयजल आपूर्ति प्रभावित
- पांच से छह घंटे बिजली की कटौती होने से लोगों में आक्रोश



बिजली नहीं आने पर हैंडपंप से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में बिजली की बेतहाशा कटौती से लोगों में खासा आक्रोश है। पांच से छह घंटे बिजली की कटौती किए जाने से नागरिकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के चलते किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नलों में पानी की सप्लाई न होने से लोग हैंडपंपों से पानी भरने को मजबूर हैं। प्रतिदिन बिजली कटौती से इलेक्ट्रानिक कारोबार ठंडा होता जा रहा है, इससे व्यापारियों में भी खासा गुस्सा है।

सर्दी के मौसम में बिजली की लड़खड़ाती व्यवस्था से आम जन जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बिजली न आने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है साथ ही घरों के कामकाज पर भी बुरा प्रभाव पढ़ने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उपभोक्ता शिवकुमार, फरहान. जागेश्वर प्रसाद रविंद्र एसके गोस्वामी, पुरुषोत्तम, पप्पू, अशोक आदि ने बताया कि अभी तो सर्दी का मौसम है, लोगों में ज्यादा बिजली खपत भी नहीं है। उद्योग धंधे से जुड़ी मशीनरी, घर में मिक्सर, मोबाइल चार्जिंग आदि जैसी छोटी छोटी जरूरतों पर विद्युत की खपत होती है, फिर भी पांच से छह घंटे बिजली की कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हो गया है। आएदिन बिजली की कटौती से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि इस संबन्ध में बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करने पर अधिकारी कॉल तक रिसीव नहीं करते, जिससे बिजली कटौती के बावत कोई जानकारी नहीं मिल पाती है। विद्युत विभाग के जेई कभी कंडक्टर ब्रेक होना, तो कभी ब्रेकडाउन की समस्या बताकर पल्ला झाड़ने का काम कर रहे हैं। नगर वासियों ने उच्च अधिकारियों से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने की मांग की है।

# महिलाओं ने घर बनाने के लिए मांगी ग्राम समाज की जमीन

## कलेक्ट्रेट पहुंचीं मामना गांव की महिलाएं, आवासीय पट्टा देने के लिए उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 40 परिवारों के पास जमीन नहीं, एक ही कमरे में गुजारा
- जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम समाज की भूमि मांगी



सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के मामना गांव की करीब पांच दर्जन महिलाओं ने आवास के लिए जमीन का पट्टा कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और ग्राम समाज की खाली भूमि पर दलितों को आवास के लिए भूमि के पट्टे आवंटित कराए जाने की मांग की, ताकि उनके परिवारों को छत नसीब हो सके।

ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि परिवार बढ़ने के कारण उनके छोटे घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों के पास रहने के लिए भूमि का कोई टुकड़ा भी नहीं है, जिससे उन्हें तमाम समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि गांव में लगभग 40 ऐसे परिवार हैं, जिनके पास अपनी ज़मीन नहीं है। एक ही कमरे में कई पीढ़ियों का गुज़र-बसर करते चले आ रहे है, लेकिन अब संभव नहीं हो पा रहा है। महिलाओं की मांग है कि उन्हें ग्राम समाज की खाली पड़ी ज़मीन पर आवासीय पट्टे दिए जाएं, जिससे इससे न केवल उन्हें अपने बच्चों के लिए सुरक्षित छत मिलेगी, बल्कि वे अपने मवेशियों को भी पाल सकेंगी, जो उनकी आजीविका का साधन हैं।

ज्ञापन में बताया कि वे पिछले कई वर्षों से प्रशासन से गुहार लगा रही हैं, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने तहसील प्रशासन को कई इस संबन्ध में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे परेशान होकर गांव की महिलाएं एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं और प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पट्टों का आवंटन नहीं हुआ, तो वे अपने आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगी। ज्ञापन देने वालों में हरवाई, लीला, आशारानी, प्रीति, भोला देवी, रामदेवी, सीमा, मत्थी, विद्या, रामश्री, कुंवर, पानबाई, क्रांति, नेहा, पूजा, देवकुंवर, कल्लो, सिमकी देवी, बब्ली, गुलारानी सहित करीब पांच दर्जन महिलाएं शामिल हैं।

# पुलिस ने बैंकों की चेकिंग कर परखी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैंक का निरीक्षण करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देश जिले की बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

अभियान के तहत पुलिस ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने के अलावा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों ने भी अपने अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिस साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कुलपहाड़ प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय पुलिस बल के साथ अपराध रोकने की दृष्टि से नगर के स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, सैंट्रल बैंक, बड़ोदा बैंक, यूपी ग्रामीण बैंकों में पहुंचकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। निरीक्षण दौरान बैंक में लगे सायरन और सीसीटीवी कैमरों का कवरेज एरिया देखा और उन्हें सही कराए जाने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा गार्ड से जानकारी ली।


**यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि०**
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई–10, कानपुर (केन्द्रीय भण्डार)
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
उद्योग कुंज रोड नियर हलुआखाड़ा (रजवाहा)
नौरैया खेड़ा (नहर कोठी), दादा नगर, कानपुर–208022
CIN : U15209UP1976SGC004285

पत्रांक:– 2696/पी.सी.एल./पी.एम.–10/कानपुर दिनांक: 02.02.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

Installation Work of New Transformer for Electric Connection of Newly Constructed Burn Unit Building of G.S.V.M. Medical College Kanpur Nagar, U.P. हेतु इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं0-20/PM-10/UPPCL/2025-26 दिनांक 02.02.2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 04.02.2026 से दिनांक 11.02.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट www.upprojects.org पर दिनांक 04.02.2026 से देखी जा सकती है।

परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण इकाई–10, कानपुर




मदरसा में सम्मानित किए गए हाफिज। अमृत विचार

## बच्चों के साथ तीन हाफिजों का हुआ सम्मान

महोबा। शहर के दारुल किरात मदरसा अरबिया हनफिया मगरियापुरा में वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पहला दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस साल तीन हाफिजों के हिफ्जुल कुरान करने पर फूलमाला पहनाकर और पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि जफर उल्ला बारसी ने कहा कि शिक्षा सबसे जरूरी है। अगर तालिम हासिल करने के लिए विदेश भी जाना पड़े तो जाना चाहिए। तालीम देने वाले मदरसों की मदद करनी चाहिए। सूफी अहमद अली ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा दिलानी चाहिए। शिक्षा पाने के बाद लोग अपने अधिकारों को समझ सकते हैं, शिक्षा का मतलब सिर्फ नौकरी नहीं होना चाहिए, पढा लिखा इंसान अच्छा व्यवसाय भी कर सकता है। प्रिंसिपल कारी हाफिज सलीम ने बताया कि इस साल मदरसे से हाफिज मोहम्मद वारिश, हाफिज मोहम्मद फहीम, हाफिज मोहम्मद साबिर हिफ्जुल कुरान करके निकले हैं, जिनका सम्मान किया गया। परीक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। यहां नौशाद अशरफ, मुजफ्फर, समद अंसारी मौजूद रहे।

# मध्यस्थता से लंबित मामलों का निस्तारण कराएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक में मौजूद न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला न्यायालय में जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव की अध्यक्षता में मध्यस्थता अभियान 2 के अंतर्गत एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला जज के अलावा न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने मध्यस्थता केंद्र में अधिक से अधिक पत्रावलियों संदर्भित करने और सुलह समझौता के आधार पर मामलों का निस्तारण कराए जाने पर जोर दिया गया।

जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पर्ण राष्ट्र में मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान, जिसमें विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक विवाद के मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले. ऋृण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता के लिए सन्दर्भित कर निस्तारण किया जायेगा। बताया कि उक्त अभियान का उदेश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में सुलह योग लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता केन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित जाए। उन्होंने जिले के आमजन से उपरोक्त राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत न्यायालयों में सुलह योग लम्बित प्रकरणों का मध्यस्थता केन्द्र में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर लम्बित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराने में सहयोग प्रदान करने की बात कही।

सरकार पर निशाना | चरखारी में समाजवादी पीडीए जनचेतना सम्मेलन का हुआ आयोजन

# शंकराचार्य का अपमान देश के हिंदुओं का अपमान

कार्यालय संवाददाता, महोबा




सम्मेलन में बोलते पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री बादशाह सिंह ने कहा कि प्रयागराज के माघ मेला में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तरेश्वरानंद के साथ हुआ अपमानजनक बर्ताव समूचे देश के हिन्दुओं का अपमान है। उनके इस अपमान को समूचा हिंदू समाज माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी और पिछड़े, गरीब, वंचित तबकों का रोजगार एवं विकास का सपना पूरा होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने यह बात कस्बा चरखारी के एक गेस्ट हाउस में सोमवार को आयोजित समाजवादी पीडीए जन चेतना सम्मेलन में कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी मान सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से चुनावों के लिये कमर कस लें। सपा के प्रदेश महासचिव व पूर्व एमएलसी तिलकचंद्र अहिरवार ने कहा कि सपा की असली ताकत बूथ लेवल का कार्यकर्ता हैं, सभी कार्यकर्ता एसआईआर में ध्यान दें। समाजवादी विचारधारा के एक भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में नहीं छूटना चाहिए।

पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार समाजवादी पार्टी की बनने जा रही है सरकार बनने पर सपा का हर एक कार्यकर्ता विधायक की तरह होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल अहिरवार सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव पूर्व जिलाध्यक्ष अजयराज यादव, चेयरमेन प्रतिनिधि पप्पू कुशवाहा यादव, प्रान सिंह यादव मारुति श्रवण साहू पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवपाल सिंह यादव दिनेश राजपूत बसंत राजपूत लवकेश राजपूत जगदेव यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रात भर जाग कर अल्लाह की इबादत, गुनाहों से तौबा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिले में आज मनाया जाएगा शब-ए-बारात का त्योहार

**अमृत विचार।** शब-ए-बारात का त्योहार मुस्लिम लोगों के लिए काफी अहम त्योहारों में से एक हैं। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग रात में जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं। इस बार शब-ए-बारात 3 फरवरी को मनाई जाएगी। शब-ए-बारात यानी गुनाहों से तौबा करने की रात है। माह शाबान इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार आठवां महीना है, इसकी 15 तारीख की रात शब-ए-बारात इबादत की रात कहलाती है।

हाफिज राहत रजा बताते हैं कि यह रात मुसलमानों के लिए एक बहुत ही मुकद्दस मानी जाती है। इस रात को इबादत मगफिरत और रहमत की बारिश होती है। शब-ए-बारात की रात अल्लाह अपनी रहमत के दरवाजे खोल देते हैं। इस रात अल्लाह दुनिया के आसमान पर नुलूस फरमाता है। इस रात बंदे रात भर इबादत करते हैं और अल्लाह से जो भी जायज दुआ मांगते हैं, वह कबूल होती है। बंदे अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा करते हैं, लेकिन मगफिरत (माफी) तब तक नहीं मिलती, जब तक दिल से तौबा न की जाए।

हाफिज रजा ने बताया कि शब-ए-बारात के दिन लोग कब्रगाह पर जाकर दुनिया छोड़ चुके खानदान के लोगों की कब्र पर रोशनी करते हैं और कब्र पर गुलाब के फूल चढाकर अगरबत्ती जलाकर उनकी मगफिरत की दुआएं करते हैं। इस रात को इबादत में गुजारने वाले लोगों के सारे गुनाह माफ किए जाते हैं और फरिश्ते रहमत के साथ जमीन पर उतरते हैं। इस रात में हर हिकमत वाला काम बांटा जाता है। जिंदा होने व मरने वालों की फेहरिस्त बनती है। लोगों के अमाल रब की बारगाह में पेश होते हैं।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै **सीता देवी पत्नी कमलेश, निवासी–ग्राम मैता सरायं कटियान, पो0– अटेसुवा जिला उन्नाव**, हम पति–पत्नी अपने पुत्र आलोक कुमार को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखाल कर रहे है। आलोक कुमार द्वारा यदि किसी प्रकार का कोई लेन देन किसी भी व्यक्ति से करता है तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होगें। हम पति–पत्नी से किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। क्योकि हमारा पुत्र हम पति व पत्नी का कहना नही मानता है।

**सूचना**
रिजवान सोलंकी पुत्र मुस्ताक सोलंकी निवासी 180 D डिफेंस कालोनी योजना संख्या 39 कानपुर नगर उपरोक्त प्रार्पटी का मूल लीज डीड (डाक्यूमेंट नं0 582 दिनांक 17.09.1982) कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो. 9415051613

**सूचना**
मैं **गुफराना औबेद निवासी 10/137 मदनी नगर शुक्लागंज, नेतुवा गंगाघाट उन्नाव**, ये सूचित करती हूं कि मेरा नाम गुफराना से गुफराना औबेद हो गया। अब मैं गुफराना औबेद के नाम से जानी जाउंगी। मैं भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचानी जाउंगी

**सूचना**
मै अविलास पुत्र मैकू नि. खरौध तह0 मानिकपुर जिला चित्रकूट मेरी पुत्री महेक (MAHEK) का आधार कार्ड अनामिका के नाम से जारी हुआ है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरी पुत्री के अन्य समस्त अभिलेखो में सही नाम महेक अंकित है जो कि सही है। अत: पुत्री के आधार कार्ड में सही नाम महेक अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैने अपना नाम जावेद अख्तर (JAVED AKHTAR) से बदलकर जावेद अख्तर (JAVED AKHTER) रख लिया है अब भविष्य में मुझे जावेद अख्तर (JAVED AKHTER) के नाम से जाना व पहचाना जाये। **जावेद अख्तर पुत्र मो0 सलीम निवासी भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने पक्का बाग थाना इकदिल जिला इटावा।**

**सूचना**
मैने अपना नाम मोहम्मद सालिम (MOHAMMAD SALIM) से बदलकर मो0 सलीम (MOHD SALEEM) रख लिया है अब भविष्य में मुझे मो0 सलीम (MOHD SALEEM ) के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 सलीम पुत्र मो0 अली बहादुर निवासी देसरमऊ पिलखर थाना इकदिल जिला इटावा**

**सूचना**
मैं शुभमराज पुत्र श्री राजेश कुमार, निवासी कंचौसी बाजार तहसील विधूना जिला औरैया। मैने इंटरमीडियट की परीक्षा सन् 2016 में उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक 1339800 है का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
मै अविलास पुत्र मैकू नि. खरौध तह0 मानिकपुर जिला चित्रकूट मेरी पुत्री खुशबू (KHUSHBU) का आधार कार्ड शिवानी नाम से जारी हुआ है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरी पुत्री के अन्य समस्त अभिलेखो में सही नाम खुशबू अंकित है जो कि सही है। अत: पुत्री के आधार कार्ड में सही नाम खूशबू अंकित किया जाय।

**Public Notice**
It is hereby informed to the general public that I, Lalti Devi, W/o Chaman Lal, R/o Kakwan, Kanpur Nagar, am the same person who is erroneously recorded as Malti Devi, W/o Shyam Sundar in my bank account. Both these names belong to one and the same person. Henceforth, I should be known and recognized as Lalti Devi, W/o Chaman Lal for all future purposes.

**सूचना**
मै **मुनेश्वर सिंह भदौरिया पुत्र जागेश्वर सिंह भदौरिया निवासी ग्राम शरीफपुर पोस्ट मुर्रा थाना सकरावा जनपद कन्नौज** मेरे दो पुत्र है जिनमें अनुराग सिंह बड़ा है एवं अनुभव सिंह छोटा है छोटे पुत्र अनुभव सिंह व छोटी पुत्र वधू श्रीमती दिव्या पत्नी अनुभव सिंह का चाल चलन अच्छा नहीं है एवं गलत आचरण के कारण घर में अकारण लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं और किसी की भी कोई भी बात नहीं मानते है उक्त लोगें के कृत्यों से तंग आकर अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। उक्त लोगों के किसी भी प्रकार के लेन देन एवं नैतिक व अनैतिक एवं अपराधिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है तथा अनुभव सिंह व पुत्र वधू दिव्या द्वारा किये किसी भी जायज व नाजायज कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेंदार होगें।

न्यूज ब्रीफ

## मिलिट्री कालेज में हुआ कृति का चयन


कृति गुप्ता।

चित्रकूट। राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कालेज देहरादून में चित्रकूट की होनहार बेटी कृति गुप्ता का चयन हुआ है। कृति बल्दाऊगंज निवासी शिक्षक प्रदीप पहारिया की पुत्री है। इससे पहले कृति ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया रैंक 284 लाकर सैनिक स्कूल रीवा मे पढ़ाई की। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया।

## विशेष अभियान तिथि को लिए गए आवेदन

चित्रकूट। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार विशेष अभियान तिथि 31 जनवरी को दोनों विधानसभा क्षेत्रों चित्रकूट एवं मानिकपुर के बूथों, मतदेय स्थलों पर बीएलओ ने मतदाता सूची को पढ़ा और नामों का सत्यापन किया। बताया कि विशेष अभियान के दौरान चित्रकूट में फार्म-6 के 864 आवेदन, फार्म-7 के 18 एवं फार्म-8 के 77 आवेदन प्राप्त हुए। मानिकपुर में फार्म-6 के 433, फार्म-7 के 19 तथा फार्म-8 के अंतर्गत 116 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया गया।



आयुष के पिता को प्रतीकात्मक चेक देते मंत्री नंदगोपाल नंदी।

## आयुष के परिजनों से मिले मंत्री, दिया चेक

बरगढ़ चित्रकूट। प्रदेश सरकार के मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने सोमवार को आयुष के परिवारीजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया। कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से पांच लाख का चेक आयुष के पिता अशोक को सौंपा। उन्होंने डीएम पुलकित गर्ग व एसपी अरुण कुमार सिंह को निर्देश दिए कि इनकी मांगों पर कार्रवाई करें और मदद करें। अगर पाया जाए कि आरोपियों की किसी ने मदद की है तो उसे भी चिह्नित किया जाए। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को निशाने पर लिया और कटाक्ष किया कि सियासी रोटी सेंकना बंद करें। इस मौके पर आरके सिंह पटेल, पिंटू द्विवेदी, प्रकाश चंद्र केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी को दी विदाई

चित्रकूट। चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीते दिन क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। भानु प्रसाद ने कहा कि जिले में बहुत ही छोटा कार्यकाल रहा। पहले तो ऐसे लगा कि वह यहां पर काम कर पाएंगी या नहीं लेकिन सबके सहयोग से सभी काम अच्छे हुए। जिला क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने स्मृति चिह्न दिया। एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शैलेंद्र उपाध्याय, कल्पना कमल, ब्रजेश सोनी, संदीप गुप्ता, तुषारकांत शास्त्री, मोहन बाबू, प्रेमशंकर शुक्ला, फिरोज अंसारी, श्याम सुंदर यादव, कमलेश कुमार, अख्तर हुसैन, हितेंद्र सिंह, अखंड प्रताप यादव, राजा शुक्ला मौजूद रहे।

# होलिकादहन की भूमि पर बनवा रहे घर

## जमीन के पट्टे का मुद्दा गरमाया, एसडीएम से मिले ग्रामीण , कहा जल्द करें निराकरण

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


एसडीएम पूजा साहू से मिलकर अपनी बात बताते ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। कर्वी माफ़ी में जमीन के पट्टे और होलिका दहन की भूमि को लेकर मामला गहराता जा रहा है। परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी पूजा साहू से मिलकर अपनी बात बताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाए कि तहसीलदार जानबूझकर होलिका दहन की जमीन पर दूसरे गांव के व्यक्ति का घर बनवा रहे हैं ।

गौरतलब है कि गांव प्रधान आभा देवी, बद्रीप्रसाद, रामनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार, आदेश कुमार, अभिलाष राम, आयुष, मुन्ना, अरविंद आदि का आरोप है कि ग्राम पंचायत में तहसीलदार ने किसी के दबाव में आकर नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के नाम होलिका दहन किए जाने वाली जमीन पर बिना प्रधान और ग्रामीणों की स्वीकृति के पट्टा देने का प्रयास किया है। यह जमीन मुख्य मार्ग पर है और गांव आने जाने का रास्ता है। पट्टा किए जाने पर आवागमन प्रभावित होगा और होलिका दहन की समस्या भी होगी। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि रविवार को ग्रामीणों ने उक्त जगह पर होलिका दहन का झंडा परंपरानुसार लगाया, जिसे उखाड़कर फिंकवा दिया गया। उधर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल के साथ सोमवार को ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम सदर पूजा साहू से भेंट की और उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाए कि तहसीलदार किसी के बहकावे में आकर जबरन दूसरे गांव के व्यक्ति का घर कर्वी माफ़ी के होलिका स्थल पर बनवा रहे हैं । ग्राम पंचायत के पास यही एकमात्र सार्वजनिक जमीन है । इसपर बारातघर बनना भी प्रस्तावित है। साथ ही होलिका के लिए भी यही जमीन है । आरोप लगाया कि रविवार को जमीन से होलिका का डांड़ भी जबरन हटवाकर दूसरी जगह गड़वा दिया था। वहीं एसडीएम ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उधर, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी ने बताया कि स्थल पर काम को रुकवा दिया गया है। इस मौके पर राजकुमार सिंह, विष्णु सिंह, रामचंद्र कुरील, सोनू रैकवार, राजकुमार पाल, गोवर्धन प्रजापति, इंद्रजीत सविता, अंगद सिंह, आयुष रैकवार, अभिलाष रैकवार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

- ग्रामीण बोले, जानबूझकर बनवाया जा रहा है घर

### तो होलिका दहन नहीं करेंगे ग्रामीण : अजीत

- उधर इसी प्रकरण में बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जबर्दस्ती परंपरागत जगह से होली का डांड़ हटवा दिया है । साथ ही सार्वजनिक जमीन पर दूसरे गांव के व्यक्ति का घर बनवाने पर आमादा है । यदि जबर्दस्ती हुई तो ग्रामीणों ने तय किया है कि होलिका दहन का बहिष्कार कर देंगे। ग्रामीण न्याय के लिए हर चौखट तक जाएंगे। वह इस मामले में ग्रामीणों को साथ ले जाकर लखनऊ में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों से भी भेंट करेंगे ।

# ढाई साल में सरकारी जमीन बनी कब्जे की जागीर

संजय साहू, चित्रकूट

- ग्रामीणों का आरोप, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई शून्य
- ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और लेखपाल पर लगाया आरोप

अमृत विचार। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम पंचायत की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मानिकपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलहा के भीखमपुर कॉलोनी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यहां सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि वर्षों से कब्जे की शिकार होती चली गई और अब स्थिति यह है कि बड़े हिस्से पर अवैध निर्माण कर उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह पूरा खेल ग्राम प्रधान और संबंधित लेखपाल की जानकारी एवं निगरानी में लंबे समय से चलता आ रहा है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वोट बैंक मजबूत करने के लिए प्रधान द्वारा ऐसे लोगों को भी बसाया जा रहा है जो गांव के वास्तविक निवासी नहीं हैं। यही नहीं, कॉलोनी में सरकारी आवास भी बड़ी संख्या में दिए गए, जिनमें से कुछ लाभार्थियों ने उन्हें औने-पौने दामों में बेच दिया।

### धीरे-धीरे कब्जा, अब बड़े हिस्से पर अवैध निर्माण

- जानकारों का कहना है कि शुरुआत में कुछ लोगों को सीमित पट्टे दिए गए थे लेकिन समय के साथ कब्जे का दायरा लगातार बढ़ता गया। अब हालात ये हैं कि आगे कुछ घर बनाए गए हैं, जबकि पीछे कई बीघा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है।

### शिकायतें हुईं फिर भी कार्रवाई नहीं

- ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अवैध कब्जे की शिकायत की। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि लेखपाल को पूरे मामले की जानकारी होने के बाद भी सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

### लेखपाल का जवाब, ऑफिस आकर बात करिए

- जब इस संबंध में हल्का लेखपाल रामकिशोर पटेल से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि ऑफिस आकर बात करिए। फोन पर मैं बात नहीं करता। ग्रामीणों का कहना है कि यही जवाब दो साल पहले भी दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### एसडीएम बोले, शिकायत करवाइए, फिर देखेंगे

- मानिकपुर एसडीएम जसीम मोहम्मद ने शिकायत आने पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत करे तो मामले को देखा और जांच करवा ली जाएगी।

# मानस को बनाएं राष्ट्रीय ग्रंथ, राजापुर को रेलवे स्टेशन

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

अमृत विचार। तुलसीतीर्थ के विकास की रूपरेखा बनाने के लिए एक बार फिर व्यापारियों और अन्य नागरिकों ने बैठक की। इसमें श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग उठी और इस बात पर रोष जताया गया कि राजापुर को रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग पर अरसे बाद भी कुछ नहीं किया गया।

वक्ताओं का कहना था कि मानस में इस ग्रंथ में राजनीति, धर्म नीति, पारिवारिक नीति, कूटनीति, संधि नीति का वर्णन है। यह मानव समाज के लिए पूज्यनीय है। बैठक में बालिकाओं की शिक्षा का भी मुद्दा उठा। कहा गया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के 35 किलोमीटर के इर्द-गिर्द कोई भी राजकीय बालिका महाविद्यालय न होने से छात्राओं को दिक्कत होती है। वक्ताओं ने रीवर फ्रंट की घोषणा के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए। इनका कहना था कि क्या यह घोषणा खोखली ही साबित हो रही है। इसके अलावा वक्ताओं ने तुलसी शोध संस्थान में तुलसी साहित्य तथा तुलसी जीवन पर शोध का मुद्दा भी उठाया। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सतीश चंद्र मिश्रा, जुगराज केशरवानी, उमेश केशरवानी, विशाल मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता, उमेश सोनी, अशोक सोनी, सोमनाथ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### मानस को हर वर्ग ने किया स्वीकार्य : शिवपूजन



- व्यापारी नेता शिवपूजन गुप्ता ने कहा कि मानस को मोक्षदायी ग्रंथ के रूप में लोगों ने स्वीकार किया है। ऐसे महान ग्रंथ को जनहित में राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही राजापुर को सिराथू या भरवारी रेलवे लाइन से जोड़ देने से बड़ा विकास हो सकता है।

### बालिका महाविद्यालय की आवश्यकता : शंकर दयाल



- व्यापारी नेता सभासद शंकर दयाल जायसवाल ने कहा कि बालिकाएं शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रही है और उच्च शिक्षित न होने से वे आत्मनिर्भर नहीं बन पातीं। शिक्षा ही सफलता की कुंजी बनती है। ऐसे में यहां एक राजकीय बालिका महाविद्यालय जल्द खोला जाना चाहिए।

### रिवर फ्रंट की योजना का भी पता नहीं : राजेश



- व्यापारी नेता राजेश पंसारी ने बताया कि तुलसी पर संत समागम के अवसर पर मुख्यमंत्री ने यमुना नदी से मिट्टी के कटान को रोकने के लिए रिवर फ्रंट बनवाने की घोषणा की थी लेकिन आज तक काम धरातल पर दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## अनशनकारी की बिगड़ी हालत, अस्पताल में भर्ती

चित्रकूट। जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भूपेंद्र सिंह पटेल बीते दिन से साथियों संग शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं।

भूपेंद्र के आमरण अनशन का सोमवार को दूसरा दिन था। कड़ाके की ठंड में रातभर बैठे रहे अनशनकारियों की हालत बिगड़ने लगी। सोमवार को कफन ओढ़कर आमरण अनशन कर रहे भूपेंद्र सिंह की अचानक तबीयत खराब हो गई। इनका कहना है कि जब तक चित्रकूट में सरकारी मेडिकल कॉलेज की घोषणा और स्वास्थ्य व्यवस्था में ठोस सुधार नहीं होता, उनका संघर्ष जारी रहेगा। उधर, भूपेंद्र की ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर पुलिसकर्मी पहुंचे और उनको अनशन स्थल से उठाकर जिला अस्पताल ले गए। वहां पर उनका इलाज जारी है।

# तीन दर्जन कुश्तियों के साथ दंगल का हुआ समापन


प्रतिद्वंद्वी को चित करने की कोशिश में पहलवान। अमृत विचार

पहाड़ी। ब्लाक मुख्यालय में दो दिवसीय दंगल का समापन गोपाल महुवागांव प्रतिद्वंदी चीता पंजाब की कुश्ती के साथ हुआ।

दूसरे दिन लगभग तीन दर्जन कुश्तियां हुईं। राजेश अगरहुंडा और अंकित फतेहपुर के बीच हुई कुश्ती में राजेश अगरहुंडा विजेता बने। वहीं दूसरी रोमांचकारी कुश्ती में गोपाल महुवागांव ने चीता पंजाब को पटखनी दी। विकास चिल्ली ने दीपक पहाड़ी को, राजू बांदा ने रामजी गौतमपुर को, कल्लू प्रयागराज ने फूल सिंह झांसी को, अंकित फतेहपुर ने राहुल गिरवा को, विवेक भटरी ने अजय फतेहपुर को, सोनू सिंह पहाड़ी ने संजय इटावा को, घनश्याम जालौन ने भूल्लन फतेहपुर को, राजाबाबू झलोखर ने मोहन जालौन को, शिवलोचन भटरी ने विनय महोबा को, रौनक महुआगांव ने अंकित कौशांबी को, राजेश दरसेडा ने छोटू सरबई को पराजित किया। दंगल का संचालन दिनेश सिंह व छोटे त्रिपाठी एवं लेखापटल का कार्य राजेश सिंह ने किया। पुरस्कार वितरण चंद्र दत्त त्रिपाठी व बसू सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में कृष्णदेव द्विवेदी उर्फ छेदी पहलवान एवं रामकिशोर त्रिपाठी आदि रहे।

# खुदी सड़कें व गलियां, नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता, कालपी


नमामि गंगे जल परियोजन के तहत बनाई गई टंकी। अमृत विचार

अमृत विचार। क्षेत्र में भी नमामि गंगे परियोजना के हाल ठीक नहीं है। खुदी पडी गांव की गलियां और नलों की सूखी पड़ी टोटियां इसकी हकीकत बयां कर रही है।

शासन ने नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत हर घर नल से जल का नारा देकर गांवों में 6 वर्ष पूर्व नलकूप, ओवरहेड टैंक तथा घरों तक पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया था जिसमें सभी गांवों में सभी घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की योजना थी। जिसका ठेका बीजीसी नामक कम्पनी के पास था। जिसका हेड आफिस कुठौन्द में बनाया गया था और क्षेत्र में काम कराने और नजर रखने के लिए जोल्हूपुर में ब्रांच आफिस खोला गया था। जो अभी भी है लेकिन इतना लम्बा समय बीत जाने के बाद भी ज्यादातर परियोजनाएं अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर सकीं हैं। आलम यह है कि महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर में परियोजना का काम ही पूरा नहीं हुआ है जबकि उसको शेखपुरा बुल्दा तक पानी पहुंचाना था। ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद के अनुसार परियोजना तो अभी अधूरी पड़ी है और गांव की पक्की सड़कें भी अभी खुदी पड़ी हैं। नलों से पानी नहीं निकल रहा।

मगरौल गांव में भी पाइप लाइन तो सभी घरों तक पहुंचा दी गई है पर परियोजना का काम पूरा नहीं हो सका है। यही हाल उरकरा कलां में भी है। ग्राम प्रधान शिवदास के अनुसार परियोजना से अभी एक बूंद पानी नहीं निकला है। यही हाल महेवा में है। जहां नलकूप और ओवरहेड टैंक बनकर तैयार है पर गांव में अभी पाइप लाइन भी नहीं पहुंची है। इसके अलावा हर्रायपुर, हथनौरा धमना ,लमसर, निवहना सहित अन्य गांवों में भी अभी इस नमामि गंगे कार्यक्रम का एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है और न ही खोदी गईं गलियां दुरुस्त हुई हैं। इस संबंध में परियोजना के जिम्मेदार जल निगम के अधिशासी अभियन्ता से बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन नही उठा है।

## व्यापारी से 50 हजार की हुई टप्पेबाजी

कालपी। गल्ला व्यापारी के साथ मण्डी परिसर में ही टप्पेबाजी हो गई। दो युवकों ने उसे ट्राली में भरा गल्ला दिखाने के बहाने बाइक पर बैठाकर 50,000 पार कर दिए है।

नगर निवासी देवेंद्र पुरवार गल्ला व्यापारी है और सरस्वती ट्रेडर्स नामक फर्म से कारोबार करते हैं। सोमवार को वह अपनी दुकान पर बैठे थे इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उनसे मण्डी परिसर में खड़े ट्रेक्टर ट्राली में भरे अनाज की गुणवत्ता देखने के लिए कहा था जिसपर वह दोनों युवकों की बात पर विश्वास कर उनके साथ बाइक पर बैठ गए। लेकिन कुछ दूर जाकर बहाने से उन्हें उतार दिया था और बाइक से फरार हो गये। उनके जाने के बाद उन्होंने अपनी जेब देखी तो वह कटी हुई थी और उसमें रखे 50 हजार रुपये भी गायब थे। उन्होंने घटना की जानकारी साथी व्यापारियों के साथ पुलिस को भी दी थी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की ।

# जगदेव प्रसाद व रविदास की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, जालौन


जयंती मनाते पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। जन अधिकार पार्टी के तत्वावधान में बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा एवं संत शिरोमणि रविदास की संयुक्त जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

सोमवार को जन अधिकार पार्टी के जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सलाहकार अनुरोध कुशवाहा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा ने सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने अपने विचारों और भक्ति मार्ग से समाज को एकता, समरसता और मानवता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट बृजमोहन कुशवाहा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा ने राजनीतिक चेतना के माध्यम से वंचित वर्गों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वहीं संत रविदास ने कर्म और भक्ति के माध्यम से समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर यूथ जिलाध्यक्ष भाईलाल कुशवाहा, धनसिंह कुशवाहा, अरुण कुमार कुशवाहा, आमोद याज्ञिक, काजू याज्ञिक, लक्ष्मी नारायण दोहरे, अमर सिंह, लालजी कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, ठाकुरदास, चंद्रभान, जगतनारायण, मयंक कुशवाहा, रामेंद्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, कृष्णपाल सिंह, रामप्रकाश कुशवाहा, राजू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।


## सूचना

माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट जनपद चित्रकूट द्वारा दिनांकित – 06/01/2026 के परीक्षण सख्या–481/2020 सरकार बनाम मनोज कुमार मु0अ0सं0– 115/2020 अन्तर्गत धारा–363,366,376, 323, ipc व 4 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज पुत्र रामसुमेर निवासी औहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध आदेशिका अन्तर्गत धारा 82 दं0प्र0सं0 का तामीला कराये जाने विषयक पत्र अंकित किया गया है।

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि अधोहस्ताक्षरी माननीय न्यायालय में लम्बित है उपरोक्त प्रकरण में अभियुक्त मनोज पुत्र रामसुमेर निवासी औहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के लगातार अनुपस्थिति के कारण विचारण में अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित नहीं हो पा रही है दिनांक–28.11.25 को अभियुक्त के विरुद्ध आदेशिका अन्तर्गत धारा 82 दं0प्र0सं0 जारी हुई थी इसके पश्चात पत्रावली निरंतर उक्त आदेशिका की तामीला आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु नियत रही है किन्तु उक्त आदेशिका की तामीला के संबन्ध में थाने से इसकी आख्या न्यायालय को प्राप्त नही हुई है जो सम्बन्धित थाने की उदासीनता एंव निष्क्रियता का घोतक है प्रकरण न्यायालय के प्राचीनतम बादो में शामिल है एव माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्रतिशीघ्र निस्तारण हेतु चिन्हित है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि आदेशिका की मूल प्रति इस आश्य के साथ भेजा जा रहा है कि अभियुक्त मनोज पुत्र रामसुमेर निवासी औहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 32 दं0प्र0सं0 की तामीला सम्बन्धी आख्या मय समाचार पत्र में प्रकाशन के नियत तिथि दिनांक 17.01.2026 तक आप स्वयं रुचि लेकर अभियुक्त उपरोक्त की धारा 82 दं0प्र0सं0 तामीला कराकर न्यायालय के समक्ष नियत तिथि पर आख्या प्रस्तुत करे ताकि न्यायालय की आगे की कार्यवाही संपादित की जा सके।

पुलिस अधीक्षक
चित्रकूट


अभियान

कब्जेदारों से स्वयं कब्जा हटाने के दिए निर्देश

# एसडीएम ने सफाई अभियान का किया निरीक्षण

संवाददाता, कालपी


निरीक्षण के दौरान लोगों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम। अमृत विचार

अमृत विचार। सोमवार को उपजिलाधिकारी ने एनएचआईटी द्वारा सर्विस रोड पर चलाए जा रहे सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कम्पनी के जिम्मेदारों अस्थायी कब्जेदारों को भी हटाने के निर्देश दिए।

शनिवार को हाईवे का रखरखाव देखने वाली कम्पनी एनएचआईटी ने नगर सीमा स्थित सर्विस रोड से अस्थायी अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया था लेकिन क्षेत्रीय जनता ने पहले नाला सफाई की मांग की थी जिससे जलभराव की समस्या खत्म हो सके। इसपर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबन्धक इन्गलेश शर्मा को नाले की सफाई करने के निर्देश दिए थे। जिसका सोमवार को उन्होंने निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्य की प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और राजमार्ग की भूमि पर कब्जा किए हुए लोगों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे शीघ्र ही स्वयं अतिक्रमण हटाकर राजमार्ग की भूमि खाली कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में जमीन खाली न करने पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यह कदम राजमार्ग की सुचारु व्यवस्था, जल निकासी में सुधार एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है ।

# शहजादपुरा को 60 रनों से हरा कर हरक्का बना चैम्पियन

संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। उदोतपुरा गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को हरक्का और शहजादपुरा के बीच खेला गया। इसमें हरक्का ने शहजादपुरा को 60 रनों से करारी शिकस्त दी।

फाइनल मुकाबले से पहले हुए टॉस में हरक्का टीम के कप्तान श्यामू राजावत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। हरक्का की ओर से उतरे बल्लेबाज आकाश ने 25 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 38 रनों की पारी खेली। उत्तम पटेल व टीम के अन्य बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 119 रन बनाए। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहजादपुरा की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। कप्तान हर्षित के अलावा बल्लेबाज सोहित, सीपू, साहिल और अजीत ने पारी संभालने का प्रयास किया। लेकिन कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। पूरी टीम 13 ओवर में 60 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। फाइनल मुबाबले में हरक्का ने 59 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

उत्तम पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान गढ़गुवा और कल्लू भदौरिया लौना ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। अतिथियों ने विजेता हरक्का की टीम को ट्रॉफी के साथ 4100 रुपये नकद और उपविजेता शहजादपुरा की टीम को ट्रॉफी व 2100 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## शब-ए-बारात आज, तैयारी पूरी

जालौन। शब-ए-बारात को लेकर नगर के शहर काजी मौलाना साबिर ने शब-ए-बारात की अहमियत बताई। बताया कि मंगलवार को शब ए बारात का पर्व है।

शब-ए-बारात में अपने मरहूम रिश्तेदारों और पूर्वजों के लिए दुआ करना और कब्रिस्तान जाकर फातिहा पढ़ना सुन्नत माना जाता है। इससे न केवल मरहूमों को सवाब पहुंचता है। उन्होंने कहा कि इस रात की इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। यह रात इबादत और आत्मचिंतन की है, न कि दिखावे की। मौलाना सुल्तान अहमद ने बताया कि शब-ए-बारात में अधिक से अधिक इबादत करनी चाहिए। इस रात नफ्ल नमाज अदा करना, कुरआन की तिलावत करना, दुआ और जिक्र करना बेहद फायदेमंद माना गया है।

